RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 222 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 01 अगस्त, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# बिहार में कटेगा 65 लाख वोटरों का नाम

## चुनाव आयोग ने जारी किया (SIR) का पहला ड्राफ्ट, विपक्ष का विरोध

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चुनाव आयोग ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया के बाद आज संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है. मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट की कॉपी सौंपी गई है।

बिहार के जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा सभी 38 जिलों में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को रिवाइज्ड वोटर लिस्ट के ड्राफ्ट की फिजिकल और डिजिटल प्रतियां सौंपी गईं. चुनाव आयोग शाम 3 बजे अपने आधिकारिक वेबसाइट https://voters.eci.gov.in पर भी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट अपलोड कर देगा। मतदाता अपना नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में देख सकेंगे और जिनका नाम नहीं होगा वे अपनी आपत्ति चुनाव आयोग के पास दर्ज करा सकेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आश्वासन दिया है कि बिहार के सभी मतदाताओं और राजनीतिक दलों को संशोधित वोटर लिस्ट पर 1 अगस्त से 1 सितंबर तक दावे और आपत्तियां देने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। सीईसी ने कहा कि बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन (शेष पृष्ठ-4 पर)




## आयोग वोट चोरी में शामिल : राहुल



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वोट चोरी हो रहे हैं और हमारे पास इसके ओपन एंड शट प्रूफ है। हमारे पास इसके पुख्ता प्रूफ हैं। राहुल गांधी ने कहा कि इस वोट चोरी में चुनाव आयोग शामिल है और मैं ये हल्के में नहीं कह रहा हूं। मैं 100 फीसदी प्रूफ के साथ ऐसा बोल रहा हूं। जैसे ही हमने ये रिलीज किया, वैसे ही पूरे देश को पता चल जाएगा कि इलेक्शन कमीशन वोट चोरी करा रहा है और किसके लिए कर रहा है? आयोग बीजेपी के लिए ऐसा कर रहा है। ये ओपन एंड शट है। इस पर कोई सवाल नहीं उठा सकता। राहुल ने कहा कि मैं ये बड़ी गंभीरता से बोल रहा हूं कि जो भी ये काम कर रहे हैं। चुनाव आयोग में बैठकर जो भी लोग ये काम कर रहे हैं। ऊपर से लेकर नीचे तक कोई भी हो, हम आपको छोड़ेंगे नहीं। हम बिल्कुल नहीं छोड़ेंगे क्योंकि आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हो। ये राजद्रोह है। इससे कम नहीं है। आप कहीं भी हो, रिटायर्ड हो या कुछ हो। हम आपको ढूंढकर निकालेंगे। कर्नाटक में इसका खुलासा करेंगे।

## उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद खाली हुए उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव का एलान कर दिया गया है

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव की अधिसूचना 7 अगस्त को जारी की जाएगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। नतीजे मतदान के दिन यानी 9 सितंबर को ही घोषित किए जाएंगे। जगदीप धनखड़ के 22 जुलाई को इस्तीफा देने के बाद यह पद रिक्त हो गया था। भारतीय संविधान के (शेष पृष्ठ-4 पर)

# 15 अगस्त तक मिल जाएगी बोटैनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक मेट्रो की मंजूरी

## एनएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ लोकेश एम ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में दिया प्रेजेंटेशन





**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक मेट्रो के लिए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार में एनएमआरसी के एमडी डॉ. लोकेश एम ने प्रजेंटेशन दिया। इस रूट के लिए केंद्र सरकार से 15 अगस्त तक मंजूरी मिलने की पूरी उम्मीद है।

डॉ. लोकेश एम ने मीडिया को बताया कि रिस्पांस पाजिटिव रहा। उम्मीद है अगले सप्ताह तक मंजूरी के लिए पत्र आ जाएगा। जिसके बाद टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

प्रजेंटशन के दौरान पूछा गया कि इस लाइन की वायबिलिटी क्या है? कितने मुसाफिर इससे सफर करेंगे? पहले से जो लाइन चल रही है वह घाटे में है फिर भी आप इस लाइन को लेकर उत्साहित है? इसी तरह कई प्रश्नों का जवाब एनएमआरसी के एमडी डॉ. लोकेश एम ने संबंधित अधिकारियों के समक्ष दिया। करीब एक घंटे तक प्रजेंटेशन दिया गया जिसका रिस्पांस पॉजिटिव मिला।

बता दें कि नोएडा में बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक का 11.56 किमी का मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस रूट की डीपीआर पांच साल पहले तैयार की गई थी। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# गार्ड पर गिरी लोहे की ग्रिल, हुई मौत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-83 में एक कंपनी के वेयरहाउस में कार्यरत गार्ड पहली मंजिल की लोहे की ग्रिल गिरने से घायल हो गया। गंभीर स्थिति में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। मूल रूप से आगरा निवासी मिथुन सिक्योरिटी गार्डन था वह सेक्टर-83ए ब्लॉक में स्थित एक कंपनी के वेयरहाउस में कार्यरत था। आज सुबह वह कंपनी परिसर में बैठा हुआ था। इस दौरान अचानक फर्स्ट फ्लोर की लोहे की ग्रिल उसके ऊपर गिर गई। इस हादसे में मिथुन को गंभीर चोटें आई। आस-पड़ोस के लोगों ने उसे तुरंत उपचार के लिए फेलिक्स अस्पताल भिजवाया। उपचार के दौरान मिथुन की मौत हो गई। बताया जाता है कि (शेष पृष्ठ-4 पर)

# दोस्त की जान लेने वाला गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भोगपुर गांव में बीते दिन हुई युवक की हत्या के मामले में थाना दादरी पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित दो को गिरफ्तार किया है। इनके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्तौल और कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों में एक बाल अपचारी भी है। थाना दादरी प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि 30 जुलाई को भोगपुर गांव में बब्बल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के भाई द्वारा चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने घटना के अगले दिन ही आरोपी अभिषेक पुत्र मनोज विजेंद्र पुत्र लखमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उन्होंने बताया कि इस घटना के मुख्य आरोपी विवेक पुत्र (शेष पृष्ठ-4 पर)

# फॉर्च्यूनर की टक्कर लगने से युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद में बेलगाम वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन लापरवाह वाहन चालकों की वजह से लोगों की जान जा रही हैं। थाना सेक्टर 63 क्षेत्र में फॉर्च्यूनर कार की टक्कर लगने से एक युवक की मौत हो गई। त्रिलोकपुरी दिल्ली निवासी शाहिद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने भाई साजिद एवं दोस्त औरंगजेब के साथ 3 जुलाई की रात्रि को गाजियाबाद से दिल्ली अपने घर जा रहे थे। छिजारसी के पास उनकी बलेनो कार अचानक बंद हो गई। उसने अपने भाई साजिद को किसी कार मिस्त्री को लाने के लिए कहा उसका भाई साजिद मिस्त्री लाने के लिए सड़क किनारे खड़ा हुआ था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# भाई ने फर्जीवाड़ा कर बेचा छोटे भाई का मकान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** संपत्ति के लालच में लोग अपने खून के रिश्तों का भी लिहाज नहीं कर रहे हैं। चंद रुपयों के लालच में लोग अपने सगे भाई के साथ तक विश्वासघात कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रबूपुरा क्षेत्र में प्रकाश में आया है। यहां एक व्यक्ति ने अपने भाई के मकान को फर्जी तरीके से बेच दिया। भाई द्वारा विरोध करने पर आरोपी व खरीदार ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी पीड़ित ने थाना जेवर में अपने भाई सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

ग्राम मोहम्मदाबाद खेड़ा निवासी लोकेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई सतवीर व दिनेश ने बंटवारे के बाद अपने मकान को 13 अक्टूबर 2003 को गांव के ही विक्की को बेच दिया था। कुछ समय पूर्व सत्यवीर ने उससे रहने के लिए एक कमरा देने के लिए कहा। भाई होने के नाते उसने सतवीर को रहने के लिए अपने मकान में कमरा दे दिया और रोजगार के सिलसिले में दिल्ली चला गया। उसकी गैर मौजूदगी में सत्यवीर ने शीतल भाटी, वीरप्रताप भाटी, सतवीर व निरंजन के साथ मिलकर उसके मकान को हड़पने की नीयत से 4 दिसंबर 2024 को शीतल भाटी के नाम फर्जी तरीके से बैनामा करा दिया। 14 दिसंबर 2024 की सुबह सभी लोग उसके मकान पर कब्जा करने की नीयत से पहुंचे तो उसने विरोध किया। लोकेश के मुताबिक उसके भाई सतवीर, शीतल भाटी उसके पति वीर प्रताप भाटी ने गाली का विरोध करते हुए मारपीट की। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# 40 करोड़ में बनेगी एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर डीप सीवर लाइन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे के समानांतर ग्रीन बेल्ट के दोनों ओर 40 करोड़ की लागत से डीप सीवर लाइन बनाई जाएगी। यहां 20 किमी तक गहरी सीवर लाइन का काम होगा। प्राधिकरण के महाप्रबंधक (जल तथा सीवर) आर.पी. सिंह ने बताया कि इसके लिए टेंडर जारी किया जा रहा है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

### जलभराव की समस्या होगी समाप्त

सीवर लाइन बन जाने के बाद एक्सप्रेस वे से जुड़े सेक्टर , गांव और सड़कों पर जलभराव की समस्या पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि जल निगम से एग्रीमेंट के तहत एडवांट टावर से ग्रेटर नोएडा बार्डर तक दोनों तरफ डीप सीवर लाइन का निर्माण जल निगम ने नहीं कराया। महज ग्रेविटी लाइन, राइजिंग लाइन व आरसीसी वेल का निर्माण किया गया। इसी बीच एक्सप्रेस-वे तीनों अंडरपास, नोएडा मेट्रो की एक्वा लाइन और डीएफसीसीआईएल की वजह से ग्रेविटी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। ये लाइन 2003-04 में डालीह गई थी जो पूरी तरह से अक्रियाशील है।

### आईआईटी प्रोफेसर के साथ बैठक

ड्रेनेज सिस्टम में सुधार व जल निकासी के बीच बाधा बन रहे बॉटलनेक पाइंट में सुधार के लिए आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर कमल जैन के साथ नोएडा प्राधिकरण के सीईओ और डीजीएम सिविल ने बैठक की। इसके बाद आईआईटी की टीम ने प्राधिकरण अधिकारियों के साथ ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण किया।

# जर्मन कंपनी ने फैलाया ऐसा जाल, गवां दिए लाखों रुपए

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा शहर में ठगी के नए-नए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। अब विदेशी कंपनियां भी भारतीय कंपनियों के साथ मोटी ठगी कर रही हैं। ऐसा ही एक मामला थाना फेज-2 में दर्ज किया गया है। जहां एक जर्मन कंपनी ने नोएडा में स्थापित कंपनी के मालिक को बिजनेस के जाल में ऐसा फंसाया कि उसको लाखों रुपए गंवाने पड़े। पीड़ित ने अपने साथ हुई ठगी की रिपोर्ट दर्ज करानी चाहिए तो उसकी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। फेस-2 क्षेत्र में स्थापित एलकॉम्पोनिक्स सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ ने प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी कंपनी इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेंट का व्यवसाय करती है। वर्ष-2020 में जर्मन की फेमस जीएमबीएच नामक कंसल्टेंसी कंपनी के संचालक डॉक्टर डी सलदान्हा उनकी कंपनी में आया। डा. सलदान्हा ने कहा कि वह उनकी यूरोप की कंपनियों से पहचान करने और व्यवसाय करने में मदद कर सकता है। विश्वास जताने के लिए उसने कुछ कूट रचित (शेष पृष्ठ-4 पर)

# हरियाणा का टप्पेबाज पुलिस एनकाउंटर में घायल



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अंतर्राज्ययीय टप्पेबाज गिरोह का सरगना बीती रात्रि पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश पर हरियाणा राज्य में भी कई मुकदमे पंजीकृत हैं।

एडीसीपी ने बताया कि थाना बिसरख प्रभारी पुलिस टीम के साथ चिपियाना बुजुर्ग टी पॉइंट के पास चैकिंग कर रहे थे। टीम को चैकिंग करता देखकर बाइक पर आ रहा एक व्यक्ति हड़बड़ाहट में बाइक को मोड़कर वापस जाने लगा। पुलिस टीम ने उक्त व्यक्ति का पीछा किया। तेज गति में बाइक भगाने के चक्कर में बाइक का नियंत्रित होकर फिसल गई। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# नाबालिकों के साथ मिलकर चुराते थे मोबाइल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन चोरों को थाना फेस-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है इनके पास से चाकू व चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों में दो बाल अपचारी भी हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी कि बाजार व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन बदमाश मेट्रो पिलर के पास खड़े हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छापा मारा। पुलिस ने यहां से तीन युवकों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से चाकू व 4 मोबाइल फोन बरामद हुए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# अचानक बजने लगे सायरन, पहुंच गई फायर बिग्रेड की गाड़ियां

## भूकंप एवं औद्योगिक खतरा आपदा से निपटने के लिए हुई मॉकड्रिल










**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भूकंप एवं औद्योगिक खतरा आपदा से निपटने के लिए गौतमबुद्धनगर जिले में आज सुबह राष्ट्रीय स्तरीय मॉकड्रिल (एक्सरसाइज सुरक्षा चक्र) का आयोजन किया गया। गौतमबुद्धनगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम ने मॉकड्रिल का स्थलीय निरीक्षण किया।

राष्ट्रीय स्तरीय मॉकड्रिल का आयोजन आज जिले में सुबह 9 बजे किया गया। चिन्हित स्थानों पर अचानक सायरन बजने लगे और फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने आग बुझाने तथा घायल लोगों को एम्बुलेंस तक पहुंचाने की मॉकड्रिल की।

मॉकड्रिल ग्रेटर नोएडा स्थित एलजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) तथा एडब्ल्यूएचओ सोसायटी गुरजिंदर विहार ग्रेटर नोएडा सहित 5 स्थानों पर की गई।

गौतमबुद्धनगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम ने एलजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में पहुंचकर मॉकड्रिल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा की मॉकड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता को परखना और विभागों के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करना है। उन्होंने पुलिस विभाग, नगर पालिका, एनडीआरएफ, चिकित्सा विभाग, पूर्ति विभाग, नागरिक सुरक्षा, सूचना विभाग, यातायात विभाग, एनसीसी, विद्युत विभाग, जल निगम, अग्निशमन विभाग, परिवहन विभाग तथा होमगार्ड विभाग के अधिकारियों को मॉक ड्रिल बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल के माध्यम से जनपद की आपदा प्रबंधन क्षमता को परखा जा रहा है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने बताया कि जनपद के पांच स्थानों सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज ग्रेटर नोएडा, डब्ल्यूएचओ टाउनशिप गुरजिंदर विहार ग्रेटर नोएडा, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा, आयुर्विज्ञान संस्थान जिम्स ग्रेटर नोएडा तथा विकास भवन सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में प्रातः 9 बजे शुरू हुई। उन्होंने बताया कि आपदा से बचाव और त्वरित राहत की कार्रवाई के लिए गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय को स्टेजिंग एरिया एवं रेस्पांडर कैंप, डीईओसी कलेक्ट्रेट ग्रेटर नोएडा को कम्युनिकेशन सेंटर, जिलाधिकारी कार्यालय को इंसीडेंट कमाण्ड पोस्ट, शारदा हॉस्पिटल को मेडिकल कैंप तथा मलकपुर स्टेडियम ग्रेटर नोएडा को राहत कैंप बनाया गया था।

# सोशल मीडिया की लत

अपने हालिया अध्ययन में यूरोपीय आयोग ने चिंता जतायी है कि सोशल मीडिया पर अतिसक्रियता से युवा पीढ़ी तनाव व थकान से जूझ रही है। इस संकट को लेकर भारतीय समाजविज्ञानी, चिकित्सक व मीडिया भी लंबे समय से चेतावनी देता रहा है। लेकिन जब कोई मुहिम व अध्ययन पश्चिमी जगत से आता है तो हम उसे विशेष महत्व देने लगते हैं। अब जब यूरोपीय आयोग जेनरेशन जेड को लेकर अपने निष्कर्ष सामने ला रहा है तो भारत में नये सिरे से उसकी चर्चा होने लगी है। विडंबना यह है कि पिछली सदी के अंतिम वर्षों से लेकर इस सदी के पहले दशक में पैदा हुए बच्चों की यह पहली पीढ़ी है, जिसे कम उम्र में ही सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों से रूबरू होने का मौका मिल गया था। यह पीढ़ी पारंपरिक मानकों को चुनौती देकर अपना नया आकाश तलाशने की जद्दोजहद में जुटी रही है। इस पीढ़ी ने परंपरागत जीवन मूल्यों को तिलांजलि देकर अपनी महत्वाकांक्षाओं को अंजाम दिया। साथ ही नये नजरिये की जीवनशैली का अंगीकार किया। यह पीढ़ी डिजिटल युग के साथ कदमताल करती नजर आई। इंटरनेट के विस्तार के साथ वह सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्मों के साथ सहज दिखी। लेकिन काल्पनिक धरातल पर उगा सोशल मीडिया इस पीढ़ी को यथार्थ से बहुत दूर ले गया। फलतः कठोर यथार्थ से जूझते हुए यह पीढ़ी कल्पना व वास्तविकता के द्वंद्व के चलते तनाव व असहजता के भंवर में जा फंसी। इस बात की पुष्टि यूरोपीय आयोग का अध्ययन भी करता है। आयोग कहता है कि लगातार सोशल मीडिया में सक्रियता के चलते युवाओं में चिंता, मानसिक थकान, कुछ खोने का भय व मोबाइल में चिपके रहने की विसंगतियां सामने आई हैं। यहां उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 के विश्व खुशी सूचकांक रिपोर्ट में भी इन खतरों की तरफ इशारा किया गया था। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि युवा वर्ग सबसे अधिक दुखी है। चौंकाने वाली बात यह थी कि उनमें तनाव व डिप्रेशन की वजह पढ़ाई या कैरियर की चिंता नहीं थी बल्कि इसकी मूल वजह सोशल मीडिया ही था। वास्तव में हमने कोरोना संकट से उबरने के लिये जिस ऑनलाइन व्यवस्था को अस्त्र के रूप में अपनाया था, कालांतर वह ही शस्त्र बनकर युवा पीढ़ी को जख्मी करने लगा। उल्लेखनीय है कि विश्वव्यापी कोरोना महामारी के दौरान जब संचार बंदी लागू हुई तो पूरी दुनिया में जनजीवन ठप पड़ गया। जिसके चलते घरों में कैद लोगों को इंटरनेट ही अंतिम सहारा नजर आया। धीरे-धीरे युवाओं का जीवन इंटरनेट पर बहुत ज्यादा आश्रित हो गया। जहां छात्रों की पढ़ाई ऑनलाइन कक्षाओं पर निर्भर हो गई, वहीं मनोरंजन की दुनिया भी मोबाइल आदि तक सिमट कर रह गई। वहीं दूसरी ओर युवाओं के लिये शिक्षा व कैरियर का दबाव यथावत बना रहा। लेकिन एक हकीकत यह है कि जीवन व्यवहार में सब कुछ ऑनलाइन हो पाना संभव नहीं है। जीवन तो हमारी कठोर वास्तविकता और सामाजिक सहभागिता से ही चलता है। वैसे फिलहाल हमारा वैश्विक परिवेश भी कम उथल-पुथल वाला नहीं है। जब तक दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं कोरोना काल में लगे झटके से उबर पाती, दुनिया में कई युद्धों व क्षेत्रीय संघर्षों ने पूरी दुनिया की आर्थिकी की स्वाभाविक गति को रोक दिया। निस्संदेह, रूस-यूक्रेन युद्ध, इस्राइल-हमास संघर्ष व इस्राइल तथा ईरान के बीच हुए संघर्ष ने विश्व विकास की स्वाभाविक गति को बाधित किया, जिसका नकारात्मक प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ा। वहीं वैश्विक टकराव के अलावा युवाओं के अपने राष्ट्रों की विषम स्थितियां व जलवायु परिवर्तन के कारकों के चलते रोजगार के सिमटते अवसरों ने भी नई पीढ़ी को हताश किया। इसके बावजूद युवा पीढ़ी उस सोशल मीडिया में लिप्त रही, जिसका जीवन की ठोस वास्तविकताओं से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसे में यथार्थ से जूझते वक्त युवाओं का हताश व निराश होना स्वाभाविक ही है। कालांतर में उनका आत्मविश्वास भी प्रभावित हुआ। कुछ देशों ने सोशल मीडिया के नियमन की कोशिश की भी, लेकिन प्रयास सिरे न चढ़ सके। ऐसे में सरकारों को स्क्रीन समय के नियमन के साथ ही सोशल मीडिया का बेहतर उपयोग शिक्षा तथा रचनात्मक संवाद बढ़ाने के लिये करने की जरूरत है।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि यह रहस्य किसी ने नहीं जाना। सूर्यदेव ( भगवान श्री रामजी का ) गुणगान करते हुए चले। यह महोत्सव देखकर देवता, मुनि और नाग अपने भाग्य की सराहना करते हुए अपने-अपने घर चले॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**औरउ एक कहउँ निज चोरी। सुनु गिरिजा अति दृढ़ मति तोरी॥**
**काकभुसुंडि संग हम दोऊ। मनुजरूप जानइ नहिं कोऊ॥**

हे पार्वती! तुम्हारी बुद्धि (श्री रामजी के चरणों में) बहुत दृढ़ है, इसलिए मैं और भी अपनी एक चोरी (छिपाव) की बात कहता हूँ, सुनो। काकभुशुण्डि और मैं दोनों वहाँ साथ-साथ थे, परन्तु मनुष्य रूप में होने के कारण हमें कोई जान न सका॥

**परमानंद प्रेम सुख फूले। बीथिन्ह फिरहिं मगन मन भूले॥**
**यह सुभ चरित जान पै सोई। कृपा राम कै जापर होई॥**

परम आनंद और प्रेम के सुख में फूले हुए हम दोनों मगन मन से (मस्त हुए) गलियों में (तन-मन की सुधि) भूले हुए फिरते थे, परन्तु यह शुभ चरित्र वही जान सकता है, जिस पर श्री रामजी की कृपा हो॥

**तेहि अवसर जो जेहि बिधि आवा। दीन्ह भूप जो जेहि मन भावा॥**
**गज रथ तुरग हेम गो हीरा। दीन्हे नृप नानाबिधि चीरा॥**


उस अवसर पर जो जिस प्रकार आया और जिसके मन को जो अच्छा लगा, राजा ने उसे वही दिया। हाथी, रथ, घोड़े, सोना, गायें, हीरे और भाँति-भाँति के वस्त्र राजा ने दिए॥

(क्रमशः...)

# एआई का विस्तार या नौकरी का संकुचन एक बड़ी चुनौती

भारत जैसे युवाओं वाले और उभरती अर्थव्यवस्था वाले देश में तकनीकी विकास के प्रति उत्साह हमेशा गहरा रहा है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप क्रांति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकें समाज, राष्ट्र और अर्थव्यवस्था में तीव्र बदलाव की सारथि बनी हैं। हर वर्ग और क्षेत्र ने इस परिवर्तन को आशा एवं सकारात्मकता के साथ अपनाया है, इस उम्मीद में कि तकनीकी तरक्की के साथ रोज़गार के नए अवसर भी सृजित होंगे। लेकिन हाल ही में आईटी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा ने इस उम्मीद पर पानी फेर दिया और इसे बड़ा झटका दिया है। निस्संदेह, छंटनी का यह फैसला आईटी क्षेत्र में आसन्न संकट की आहट को ही दर्शाता है। छंटनी बाबत टीसीएस की दलील है कि इन नौकरियों में कटौती कौशल की कमी और अपने विकसित होते व्यावसायिक मॉडल में कुछ कर्मचारियों को फिर से नियुक्त करने में असमर्थता के चलते की गई है। हालांकि, कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का दावा है कि इस कदम के पीछे एआई से प्रेरित उत्पादकता वृद्धि नहीं है। यह संख्या कंपनी के कुल कार्यबल का लगभग 2 प्रतिशत है, और मुख्यतः मध्यम और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों को प्रभावित करेगी।

एआई और ऑटोमेशन केवल तकनीक नहीं हैं, वे कार्य संस्कृति, संगठन संरचना और मानव संसाधन नीति को मूल रूप से बदल रहे हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, एआई से प्रेरित उत्पादकता और लागत में कटौती की प्रवृत्ति बढ़ रही है। उदाहरण के तौर पर, एमेजोन ने 30,000 सॉफ्टवेयर एप्लिकेशनों को एआई की मदद से मात्र छह महीनों में अपग्रेड किया, जो कार्य सामान्यतः डेवलपर्स को एक वर्ष लगता। इससे कंपनी को लगभग 250 मिलियन डॉलर की बचत हुई। इसी प्रकार, माइक्रोसोफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों में कोडिंग का 20 से 50 प्रतिशत कार्य एआई से कराया जा रहा है। भारत में एआई का प्रसार अभी अमेरिका या यूरोप की तुलना में सीमित है, लेकिन इसकी गति तीव्र है। देश के स्टार्टअप और आईटी क्षेत्र में छंटनियों की संख्या बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, केवल वर्ष 2025 के शुरुआती पांच महीनों में भारत में 3600 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया, जिसमें एआई आधारित लागत नियंत्रण एक प्रमुख कारण रहा। यह स्पष्ट करता है कि एआई के कारण दोहराव वाले कार्यों की उपयोगिता घट रही है और उनकी जगह स्मार्ट तकनीक ले रही है। मौजूदा समय में यह कदम लागत-अनुकूलन पहलों के चलते अन्य आईटी सेवा कंपनियों में भी छंटनी को बढ़ावा दे सकता है। इसमें दो राय नहीं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कारोबार के नियमों में मौलिक बदलाव के चलते, भविष्य के लिये तैयार रहना हर व्यावसायिक उद्यम के एजेंडे में सबसे ऊपर होगा। इस नई हकीकत को देखते हुए, अनेक सवाल सबसे ज्यादा विचलित करने वाले बनकर उभर रहे हैं कि क्या यह तकनीकी बदलाव अनिवार्य रूप से कर्मचारियों की कीमत पर होना चाहिए? एआई



***एआई और ऑटोमेशन केवल तकनीक नहीं हैं, वे कार्य संस्कृति, संगठन संरचना और मानव संसाधन नीति को मूल रूप से बदल रहे हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, एआई से प्रेरित उत्पादकता और लागत में कटौती की प्रवृत्ति बढ़ रही है।***

युग में नौकरी की अनिश्चितता क्या तकनीक विकास के नाम पर विस्थापन नहीं है? छंटनी की चपेट में युवाओं का भविष्य क्या तकनीकी प्रगति के नाम पर मानव श्रम पर आघात नहीं है? क्या स्मार्ट मशीनें के दौर में भारत में रोजगार को नई चुनौती और इंसानों को हताशा में धकेलना नहीं है? एआई का विस्तार यानी नौकरी का संकुचन क्या भारत के लिए बड़ी चेतावनी की घड़ी बन रहा है?

इन प्रश्नों के परिप्रेक्ष्य में देश में बेरोजगारी का संकट किसी से छिपा नहीं है। देश में श्रमबल का कौशल विकास धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है। सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में आईटी पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। लेकिन टीसीएस के इस फैसले से आईटी पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर रहे उन लाखों छात्रों और डिग्री लेकर निकल रहे उत्साही इंजीनियरों में निराशा व्याप्त होगी। भारत में बढ़ता रोजगार संकट केंद्र सरकार से निरंतर हस्तक्षेप की मांग करता है। हाल ही में हरियाणा में हुई एक परीक्षा में लाखों युवाओं की भागीदारी इस बात का संकेत है कि रोजगार की मांग कितनी व्यापक और अवसर कितने सीमित हैं। देश ही नहीं, दुनिया में रोजगार का संकुचन एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। गोल्डमैन सोच्स की रिपोर्ट के अनुसार, एआई और ऑटोमेशन के चलते दुनिया भर में लगभग 300 मिलियन नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं। विश्व आर्थिक मंच का आकलन है कि 2030 तक 92 मिलियन नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन उसी अवधि में 170 मिलियन नई नौकरियां भी पैदा होंगी। यह एक दोधारी तलवार है, जो बदलेगा, बचेगा; जो रुकेगा, वो हाशिए पर जाएगा।

टीसीएस का दावा है कि छंटनी का निर्णय भविष्य की जरूरतों के अनुसार संगठन को ढालने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी का ध्यान एआई में निवेश, नए बाजारों में प्रवेश, ग्राहक अनुभव सुधार और कार्यबल मॉडल के पुनर्गठन पर केंद्रित है। हालांकि, यह तर्क उन हजारों कर्मचारियों की व्यथा को शांत नहीं कर सकता जिनकी आजीविका पर इसका सीधा प्रहार हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस निर्णय से न केवल कंपनी के भीतर बल्कि समूचे आईटी क्षेत्र में आशंका, आक्रोश एवं अनिश्चितता का माहौल बन गया है। खासकर युवाओं और आईटी की पढ़ाई कर रहे लाखों छात्रों के लिए यह एक मानसिक झटका है। तकनीकी शिक्षा में दाखिले बढ़ रहे हैं, लेकिन रोजगार के अवसर घटते जा रहे हैं। यह असंतुलन देश की सामाजिक स्थिरता को भी प्रभावित कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें बताती हैं कि विश्व स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत नौकरियां एआई के कारण जोखिम में हैं। भारत में अनुमान है कि 2025 तक 12-18 मिलियन नौकरियां एआई आधारित ऑटोमेशन के चलते प्रभावित हो सकती हैं, विशेषकर आईटी और बीपीओ क्षेत्रों में। एटेमबर्ग के संस्थापक के अनुसार, भारत में 40-50 प्रतिशत व्हाइट कॉलर नौकरियां एआइ से प्रभावित होने के कगार पर हैं, जिससे देश के मध्यवर्ग की आर्थिक स्थिरता को गहरा झटका लग सकता है।

टीसीएस की छंटनी ने बेरोजगारी के दौर में बड़ी हलचल मचाई है, हालांकि आईटी और तकनीकी पाठ्यक्रमों में दाखिले बढ़े हैं, लेकिन उनमें व्यावहारिक और भविष्य-उन्मुख कौशल की कमी है। यह असंगति ही भविष्य में अधिक छंटनियों का कारण बन सकती है। एआई हर भूमिका को खत्म नहीं करेगा, बल्कि उसे पुनर्परिभाषित करेगा। जहां दोहराव और विश्लेषण की आवश्यकता है, वहां एआई प्रभावी होगा, लेकिन रचनात्मकता, सहानुभूति और निर्णय क्षमता जैसे गुणों में मानव की भूमिका बनी रहेगी। डॉक्टर, शिक्षक, वकील, पत्रकार जैसे पेशों में एआईएक सहयोगी के रूप में कार्य करेगा, प्रतिस्थापन के रूप में नहीं। मेटा के प्रमुख एआई वैज्ञानिक यान लेकुन के अनुसार, 'एआई अधिकतर कार्यों का केवल एक हिस्सा ही कर सकता है, वह भी पूरी तरह परिपूर्ण नहीं। मानव श्रमिकों का सीधा प्रतिस्थापन संभव नहीं है।'

निश्चित तौर पर एआई और तकनीकी बदलाव अपरिहार्य हैं। सवाल यह है कि हम इसके लिए कितने तैयार हैं? इसके लिए तीन प्रमुख कदम जरूरी हैं, पहला पुनःकौशल और सतत शिक्षा यानी कार्यबल को भविष्य के अनुरूप प्रशिक्षित करना होगा। डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, एआई एथिक्स, सॉफ्ट स्किल्स जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण अनिवार्य बनाना होगा। दूसरा नीतिगत समर्थन यानी सरकार को एआई नीति, डिजिटल समावेशन और श्रमिक सुरक्षा के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय करने होंगे। रोजगार खोने वालों के लिए पुनर्वास योजनाएं और स्किल अपडेट कार्यक्रम आवश्यक हैं। तीसरा सांस्कृतिक और सामाजिक समायोजन यानी एआई को केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के रूप में भी देखा जाना चाहिए। इसे अपनाने में पारदर्शिता, विश्वास और सहयोग का वातावरण बनाना होगा। तकनीकी बदलाव नई संभावनाएं लेकर आते हैं, लेकिन वे अनायास ही चुनौतियां भी खड़ी करते हैं। टीसीएस की छंटनी से जो संदेश मिलता है वह यही है कि एआई युग में केवल वही टिकेगा जो परिवर्तनशील रहेगा। अब समय आ गया है कि हम तकनीक को केवल उपकरण नहीं, बल्कि नीति और जीवनशैली का हिस्सा मानें। सतत सीखना, अनुकूलन और सामाजिक न्याय, यही तीन स्तंभ हैं, जो भारत को इस तकनीकी क्रांति में न केवल जीवित, बल्कि अग्रणी बना सकते हैं।

**-ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**( इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# खैरात संस्कृति की दीमक

देश की आबादी की समस्या इतनी गंभीर हो गई है कि लगता नहीं इसका समाधान किसी नई क्रांतिकारी या मौलिक सोच से किया जा सकता है। शुरू से ही हमारा देश क्रांतिकारी घोषणाओं के मुहाने पर खड़ा रहा है। देखते ही देखते सतहत्तर वर्ष बीत गए। पौन सदी की आजादी से गदगद होकर आजकल देश उसका अमृत महोत्सव मना रहा है, लेकिन लगता है कि क्रांति घोषणाओं से आगे चल कर नारों में तबदील हो गई। क्रांतिकारी बुढ़ा कर राजनीति की अंधगलियों में अपने लिए किसी कुर्सी की तलाश में भटकते प्रसादों के जयघोष को अंधेरों में गुम हो गए, लेकिन क्रांति न हुई। इस क्रांति के लिए कई आयाम इन घोषणाओं की धरातल से उठे थे। आजादी की आंख खुली तो आबादी के लिहाज से विश्व में भारत दूसरे नंबर पर था। दुनिया का हर सातवां आदमी भारतीय था, और पांचवां चीनी। इजरायल के बाद पहला देश था भारत जिसने परिवार नियोजन को एक सरकारी नीति के तौर पर घोषित किया। तब सरकारीकरण का जमाना था, अमृत महोत्सव तक आते-आते यह सब मिश्रित हो गया। निष्प्राण सरकारी क्षेत्र को जीवन स्पंदन देने के लिए मिश्रित अर्थव्यवस्था के नाम पर निजीकरण की कार्यकुशलता का यशोगान होने लगा। अब जब पौन सदी के बारे देश उत्सवधर्मी हो रहा है, तो क्रांति घोषणाएं भूलुण्ठित होती नजर क्यों आ रही हैं? परिवार नियोजन का नारा उठा था, 'हम दो, हमारे दो' की लोक धुन पर, लेकिन यह धुन तो मध्य वर्ग की सीमा रेखाओं के बीच ही भटकती रही। परिवार नियोजन सर्वनियोजन न हो सका, क्योंकि सर्वहारा, शोषित वर्ग का क्षेत्र इतना विस्तृत हो गया कि महंगाई और बढ़ती बेकारी ने निम्न मध्य




वर्ग को वंचितों और प्रवंचितों की श्रेणी में शामिल कर दिया।


आबादी का विस्फोट किसी सीमा में बंधने के लिए तैयार नहीं हुआ। इन सतहत्तर वर्ष की आजादी में देश आबादी की तरक्की के सिवा कोई और रिकार्ड नहीं बना सका। आज भारत दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। चीन ने भी नारा लगाया था, 'हम एक, हमारा एक।' नतीजा यह निकला कि उनके यहां जवानों की संख्या कम हो गई, और उनकी आबादी में बूढ़ों का बोलबाला हो गया। देखते ही देखते चीन बूढ़ों का देश कहलाने लगा। अब देखो वहां भी नारों का मुखड़ा बदलने लगा। 'बस दो या तीन बच्चे होते हैं अच्छे' के नए ज्ञान के प्रकाश के लट्टू वहां जलते दिखाई देने लगे। अब अपने भारत को ले लो। परिवार नियोजन के कैम्प तो इतने बरस यहां मिथ्या आंकड़ों की जादूगरी से अपनी सफलता की घोषणा करते रहे। इस देश में काम तलाशते नौजवानों की संख्या इतनी बढ़ गई कि यह कालावधि के लिहाज से बूढ़ा देश आबादी के लिहाज से 'युवकों का देश' बन गया, जिसकी आधी आबादी काम मांगते नौजवानों की है। सरकार ने भी इनकी समस्या का हल फिलहाल उदार संस्कृति से कर दिया, उदार खैरात बांटने की संस्कृति। देश की कानून पीठ ने कहा, इस देश की जनता को भूख से न मरने का मूलभूत अधिकार दिया जाए। देश के मुखिया ने सांत्वना दी, हमने इस देश की भूखी आबादी में से अस्सी करोड़ लोगों में रियायती या मुफ्त अनाज बांट दिया है, जरूरत पड़ी तो और बांट देंगे। बेरोजगारी बढ़ी है तो इनकी हथेलियों पर नौकरी की सरसों मनरेगा से उगी और समस्या सुलझने लगी। अर्थात लार्ड केन्ज की रोजगार नीति की तरह अर्ध रोजगार का हल निकाला। बेकारों को पहले गड्ढे खोदने और फिर उनको भरने के काम पर लगा दो। चाहे इस प्रक्रिया को विकास योजनाओं से संबद्ध नहीं कर सकेंगे, क्योंकि उसके बीच भ्रष्टाचार और अंधपरता के स्तूप खड़े हैं। इसलिए फिलहाल बेकारों के हाथ में फावड़ा दो, उनसे गड्ढे खुदवाओ, फिर उनको भरते जाओ। यह भी तो रोजगार ही है।

**-सुरेश सेठ**

# राशिफल

**श्रावण माह, कृष्ण पक्ष, अष्टमी**

**(विक्रम संवत् 2082)**




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। व्यावसायिक सफलता मिलेगी।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
मन चिंतित रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। सिरदर्द, नेत्रपीड़ा संभव है। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान मध्यम।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, प्रेम-संतान अच्छा रहेगा।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
धनार्जन करेंगे। कुटुंबों में वृद्धि होगी। क्रोध में काबू रखें। तबीयत थोड़ी ऊपर-नीचे रहेगी।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बनेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा।




**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे, जो चाहेंगे वो होगा। जिस चीज की जरूरत होगी उसकी उपलब्धता होगी।




**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्य साथ देगा। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार अच्छा रहेगा।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पिता का साथ होगा।

# नवनियुक्त जिलाधिकारी से मिले सीटू नेता



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर की प्रथम महिला जिलाधिकारी के पद को संभालने वाली मेघा रूपम का कल सीटू के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार राघव, ग्रेटर नोएडा माली एवं सफाई कामगार यूनियन के महामंत्री रामकिशन सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष टीकम सिंह के नेतृत्व में सीटू का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्ट सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर उनके कार्यालय पर मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया।

# सड़क धंसी, सेक्टरों में पानी लबालब



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर गामा वन के सी ब्लॉक के पार्क में बारिश का पानी भरा हुआ है। पानी की निकासी अभी तक नही हो पायी है। यहां पर पार्क में छोटे-छोटे बच्चे खेलने आते हैं। किसी दिन बड़ी घटना घट सकती है। वहीं सेक्टर गामा वन हाउस नम्बर-124 के बाहर अठारह मीटर रोड की वॉटर लाइन धंस गई है जिसकी वजह से एक नीम का पेड़ भी टूट कर गिर गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण डिवीज़न (फ़ाइव) के वरिष्ठ प्रबंधक ऋतिक से मामले की शिकायत की गई है परन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई।

## वरिष्ठ प्रबंधक की मनमानी, जनता में आक्रोश

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के डिवीजन-5 के वरिष्ठ प्रबंधक ऋतिक से यदि कोई भी शिकायत करता है उसका समाधान नहीं किया जाता। वरिष्ठ प्रबंधक डिवीजन के इस रवैये से सेक्टरवासियों में आक्रोश है।



# इफको को मिला नया नेतृत्व के.जे.पटेल के हाथों में कमान

**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** विश्व की अग्रणी उर्वरक सहकारी संस्था इफको में नेतृत्व परिवर्तन हुआ। के.जे. पटेल ने इफको के नए प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। वे महान सहकारी नेता डॉ. यू.एस.अवस्थी के स्थान पर यह पद संभाल रहे हैं, जिन्होंने तीन दशकों से अधिक समय तक संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया।

इफको के नए प्रबंध निदेशक के.जे. पटेल, वे सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, गुजरात से मैकेनिकल इंजीनियर है। इफको में तकनीकी निदेशक के रूप में कार्य कर चुके हैं। इससे पूर्व वे इफको की परादीप इकाई के प्रमुख भी रह चुके हैं, जहाँ उनके नेतृत्व में उत्पादन, तकनीकी नवाचार और सुरक्षा मानकों में अभूतपूर्व सुधार दर्ज किया गया।

पदभार ग्रहण करते हुए श्री पटेल ने कहा कि डॉ. यू.एस. अवस्थी की सोच एक महान दूरदर्शी मुखिया की रही हैं। जिन्होंने इफको को किसान सेवा और नवाचार का प्रतीक बना दिया। उनका विज़न और रोडमैप आने वाले वर्षों के लिए एक मजबूत नींव है। मैं संकल्प लेता हूँ कि इस विज़न को और गति दूँ और सहकारी भावना के साथ किसानों के हित में कार्य करूँ।

इससे पहले डॉ.उदय शंकर अवस्थी ने अपने विदाई संबोधन में कहा की मैं खुश हूँ की मैं इफको की बागडोर एक अपने इफको परिवार के सक्षम साथी को सौंप रहा हूँ जिसे इफको बोर्ड तथा अध्यक्ष ने प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है।



सहकारिता क्षेत्र में विश्व में शीर्ष संस्था के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने अवकाश प्राप्त किया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से रासायनिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद डॉ. अवस्थी नवंबर 1976 में इफको में शामिल हुए और 1993 में प्रबंध निदेशक का पदभार संभालने से पहले विभिन्न महत्वपूर्ण भूमिकाओं में रहे। सन 1993 से 2025 तक लगभग 32 वर्ष वह प्रबंध निदेशक पद रहे। सहकारिता क्षेत्र में इफको को विश्व की शीर्ष संस्था बनाने में डॉ. अवस्थी का अमूल्य योगदान रहा है। डॉ उदय शंकर अवस्थी लगभग चार दशकों तक इफको की कमान संभालने वाले अवस्थी ने केवल संगठन को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई, बल्कि किसानों और सहकारी आंदोलन की सशक्त बनाया। उनके अद्वितीय योगदानों के लिए उन्हें आईसीए द्वारा 'रॉसडेल पायनियर अवॉर्ड' और सहकार भारती द्वारा 'फर्टिलाइज़र मैन ऑफ इंडिया' के खिताब से नवाजा गया।

डॉ. अवस्थी के कार्यकाल में इफको ने नैनो यूरिया जैसी क्रांतिकारी पहल की शुरुआत की, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने पदचिन्ह बनाए और डिजिटल एवं सतत कृषि को मजबूती दी। उनके नेतृत्व में इफको किसानों के विश्वास का दूसरा नाम बन गया। इफको, के.जे. पटेल के नेतृत्व में, किसान-केंद्रित दृष्टिकोण, तकनीकी नवाचार, और सहकारी मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए एक नए युग की ओर अग्रसर है।

# अधिशासी अभियंता को किया सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी के अधिशासी अभियंता (विद्युत) प्रवीण कुमार सिंह से मनीष भाटी बी.डी.सी (कठेहरा) ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।



उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर खराब रहते है, कई-कई दिन तक बिजली गुल रहती है, भीषण गर्मी में धरातल की सच्चाई से अवगत कराया गया। ई प्रवीण कुमार सिंह ने सभी उक्त समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और जल्द ही समस्याओं का धरातल पर समाधान करने के लिए एसडीओ को लिखित में नोट करवाया। कठेहरा गांव की समस्याओं के साथ-साथ दादरी नगर व क्षेत्र के आसपास के गांवो कीं विद्युत विभाग की समस्याओं से भी अवगत कराया।

# शारदा विश्वविद्यालय में क्रोमैटोग्राफी तकनीकों दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय के केंद्रीय उपकरण सुविधा के सहयोग से एनसीआर के प्रमुख शिक्षा संस्थानों के 22 प्रतिभागियों क्रोमैटोग्राफी तकनीकों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें छात्रों को क्रोमैटोग्राफी के सिद्धांतों और तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। क्रोमैटोग्राफी की विभिन्न विधियों जैसे पेपर क्रोमैटोग्राफी, गैस क्रोमैटोग्राफी, और लिक्विड क्रोमैटोग्राफी के बारे में बताया गया। इस दौरान क्रोमैटोग्राफी के महत्व पर जोर दिया गया, खासकर वैज्ञानिक अनुसंधान और औद्योगिक अनुप्रयोगों में। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को क्रोमैटोग्राफी के क्षेत्र में नवीनतम विकास और तकनीकों से अवगत कराया।

विश्वविद्यालय के डीन रिसर्च डॉ भुवनेश कुमार ने बताया कि प्री-क्लीनिकल, क्लीनिकल शोध कार्यों में हाई प्रेशर थिन लेयर उपकरण बहुत ही उपयोगी सिद्ध हुआ है। किसी भी मेडिसिनल हर्ब की पहचान इस उपकरण के माध्यम से आसानी से की जा सकती है। जिससे आयुर्वेदिक औषधियों की शुद्धता को प्रामाणिक रूप से डाक्यूमेंट किया जा सकता है। इसके साथ ही नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड इस विधि के द्वारा सभी आयुर्वेदिक पौधों का मोनोग्राम तैयार करने में प्रयासरत है। वर्तमान में आयुर्वेदिक औषधियों की री-वेलिडेशन आधुनिक उपकरणों द्वारा होनी बहुत आवश्यक है ताकि इन औषधियों के प्रति समाज में विश्वास पैदा हो सके। एचपीटीएलसी जैसे आधुनिक उपकरणों का ज्ञान चिकित्सकों को शोध कार्यों को प्रमाणित करने के लिए प्रेरित करेगा। इस प्रकार की कार्यशालाएं विश्वविद्यालय में वर्ष भर आयोजित की जाएंगी। जिससे चिकित्सकों की भावी पीढ़ी को इन आधुनिक उपकरणों के विषय में और अधिक समझ पैदा होगी।

इस दौरान डॉ अतुल कुमार गुप्ता, डॉ संतोष कुमार मिश्रा, डॉ मोहित साहनी, डॉ संदीप कुमार शुक्ला, डॉ ललित चंद्रवंशी, डॉ सुरेंद्र और डॉ शशांक शर्मा मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत के राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट **खुली ई-निविदा** आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण और स्थान | कार्य की अनुसूची के अनुसार ट्रैक मशीनों के हाइड्रोलिक पंपों और मोटरों की मरम्मत का कार्य। |
| 2 | कार्य समाप्त अवधि | 03 महीने |
| 3 | अनुमानित लागत | ₹ 48,70,165.00 |
| 4 | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹ 97,400.00 |
| 5 | निविदा पत्र का मूल्य (ऑनलाइन जमा) | ₹ शून्य |
| 6 | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 31.07.2025 से दिनांक 22.08.2025 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 22.08.2025 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7 | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (**www.ireps.gov.in**) पर दिनांक 08.08.2025 से दिनांक 22.08.2025 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

प.सं.: 1-डब्ल्यू-उ.मु.,अभि.-टी.एम.सी.-ला.-07-25-26 दिनांक: 31.07.2025
2340/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाजपा नेता नवीन भाटी ने डीएम का किया स्वागत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के नेता नवीन भाटी (शाहदरा) ने आज जनपद की नवागत जिलाधिकारी श्रीमती मेघा रूपम से जिला कलेक्टर में पहुंचकर मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता देकर बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता नवीन भाटी ने कहा कि मेघा रूपम एक ईमानदार अधिकारी हैं और लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका निस्तारण भी करती है। उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में उनका कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है और वह गौतमबुद्धनगर जनपद से बखूबी परिचित भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारियों का गौतम बुद्ध नगर में स्वागत एवं अभिनंदन है। उन्होंने कहा कि हम सभी को आशा है कि जिलाधिकारी श्रीमती मेघा रूपम द्वारा लोगों को न्याय मिल मिलेगा। इस मौके पर अर्मृराष्ट्रीय मानवधिका संगठन की अध्यक्ष श्रीमती विनीता गौतम जेटली भी मौजूद रही।

# प्रदेश में 2027 के चुनाव में सपा को पूर्णबहुमत : खान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव चौधरी हसदुद्दीन खान ने दावा किया है कि 2027 में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगी। उन्होंने यह कहा कि बिहार के चुनाव में भी भाजपा की सत्ता इसबार समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा का पूरा सूपड़ा साफ हो जाएगा। चौधरी हसदुद्दीन खान ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता सत्ता परिवर्तन का पूरा मन बना चुकी है और जिस प्रकार से भाजपा सरकार एवं शासन में लोगों का उत्पीड़न हो रहा है, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव के समय जनता से जो वादे किए थे, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि आज शासन से लेकर प्रशासन तक भ्रष्टाचार का बोलबाला हो गया है।



उत्तर रेलवे

ई-नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 और रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2024/RS(G)/779/7(E3471089) दिनांक 13.08.2024, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर कम्पार्टमेंट और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 02 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 06.08.25 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 tonnes) on round trip basis in each train – 12454/12453, 20408/20407 |
| 2. | 07.08.25 को 10:30 बजे | 03256 (F1), 12034 (F1), 12457 (F1, F2 & R1) , 12497 (F1), 12820 (F1), 12874 (F1), 12876 (F1), 12878 (F1), 12963 (F1), 14164 (F1), 14507 (F1, F2 & R1), 14679 (F1), 14681 (F1), 22429 (F1) |
| 3. | 08.08.25 को 10:30 बजे | 12002 (F1), 12005 (F1), 12011(F1), 12013 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 12057 (F1), 12191 (F1, F2), 12215 (F1), 12455 (F1), 12481 (F1), 12816 (F1), 12818 (F1), 12826 (F1), 14053 (F2 & R1), 22421 (F1, F2 & R1) |
| 4. | 12.08.25 को 10:30 बजे | 12015 (F1), 12428 (F1), 12448 (F1), 12524 (F1), 12802 (F1), 14087 (F1, F2 & R1), 14731 (F1), 20452 (F1), 20958 (F1), 22210 (F1), 22472 (F1, F2 & R1) |

**महत्वपूर्ण सूचना: 1.** ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। **2334/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

सं० इज्जत०/सी/ई-ऑक्शन/2025/08 दिनांक 30.07.2025

वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई. आर. ई. पी. एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओ से ई-ऑक्शन के माध्यम से विज्ञापन एव प्रधान मंत्री भारतीय जनओषधी केन्द्र ठेको हेतु बोलिया आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जा चुका हो इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है:- **श्रेणी:-** NFR, **कैटलॉग सं०:-** IZN-NFRADV-25-8, **एसेट विवरण:-** इज्जतनगर मंडल के 07 लोकेशनो जैसे स्टेशन, स्टेशन एरिया, एल. सी. गेट एंव एल. सी. गेट एरिया में तीन बर्ष हेतु विज्ञापन प्रदर्शित करने के सम्बन्ध में।, **ऑक्शन प्रारम्भ:-** 05-08-25 12:00:00, **ऑक्शन समापन:-** 05-08-25 13:30:00, **श्रेणी:-** NFR, **कैटलॉग सं०:-** IZN-PMBJK-KPV-1, **एसेट विवरण:-** इज्जतनगर मंडल के काशीपुर स्टेशन पर प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधी केन्द्र की स्थापना।, **ऑक्शन प्रारम्भ:-** 05-08-25 12:00:00, **ऑक्शन समापन:-** 05-08-25 12:30:00, **1.** बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिये रेलवे की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।, **2.** उक्त ई ऑक्शन, आई. आर. ई.पी. एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है।, **3.** ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि नियम एवं शर्ते आदि आई. आर. ई.पी.एस. (IREPS) की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।, **4.** बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एंव समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है।, **5.** सभी संभावित बोली दाताओ से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक**
मुजाधि/वाणिज्य-100 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी ( गौतमबुद्धनगर )

पत्रांक: 727/निर्माण/न0पा0परि0दा0/2025-26 दिनांक: 31.07.2025

ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) द्वारा जिलाधिकारी महोदय, गौतमबुद्धनगर के पत्रांक- 521/एल०बी०सी०, दिनांक 28.07.2025 की स्वीकृति के क्रम में नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) द्वारा विभिन्न वार्डो में अवस्थापना विकास के अन्तर्गत 08 निर्माण कार्यो की ई-निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में ई0/डी0 श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप ठेकेदारों/फर्मों से प्रतिशत आधार दरों पर दिनांक 20.08.2025 को समय सांय 05:00 बजे तक ऑमत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए ई-निविदा दे सकता है। ई-निविदाओं का विस्तृत विवरण-निविदा प्रपत्र, निविदा शुल्क एवं नियम-शर्ते आदि उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। यदि ई-निविदा खोलने की तिथि को सक्षम अधिकारी की अनुपलब्ता होने के कारण या सार्वजनिक अवकाश घोषित होने पर ई-निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेंगी।

| निविदा की समय सारणी ( www.etender.up.nic.in पर ) | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | दिनांक 04.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे से |
| 2 | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | दिनांक 04.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे से |
| 3 | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | दिनांक 20.08.2025 को सायं 05:00 बजे तक |
| 4 | ई-निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि/समय | दिनांक 22.08.2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक |

नोटः- ई-निविदा संशोधन की सूचना/जानकारी हेतु ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in बेबसाईट को लगातार देखते रहें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, दादरी**
**( गौतमबुद्धनगर )**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, दादरी**
**( गौतमबुद्धनगर )**

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# विधायक ने किया खिलाड़ियों को पुरस्कृत

**भदोही ( चेतना मंच )।** सरकार की मंशा के अनुरूप चित्रांगना लान में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में आयोजित खेल प्रायोजित सामग्री वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा से औराई विधायक दीनानाथ भास्कर उपस्थित रहे और सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया। साथ में भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा युवा वर्ग खिलाड़ियों के लिए हमेशा प्रोत्साहन किया जाएगा उनके खेल की सामग्री जो उचित होगी उसकी समूचित व्यवस्था की जाएगी। जिला प्रशासन के माध्यम से दिया जाएगा साथ में जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन राय तथा समस्त प्रशासनिक अधिकारी तथा उपस्थित सभी खिलाड़ी को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर दीनानाथ भास्कर, दीपक मिश्रा, गोवर्धन राय, अखिलेश तिवारी, रवि दुबे, राजेश सिंह, प्रभात, शिव, ज्ञानेंद्र, अभिनव आदि लोग उपस्थित रहे।

खास खबर

## सोने और चांदी की कीमतों में नरमी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट से भारतीय बाजार भी नीचे आया है। इसी कारण घरेलू बाजार में सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरूआत कमजोर रही। घरेलू बाजार में आज सोना 98,750 रुपये, जबकि चांदी 1,11,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव की शुरूआत आज कमजोर रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एक्सचेंज) पर सोने का अक्टूबर अनुबंध आज 83 रुपये टूटकर 98,900 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 98,983 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 214रुपये की गिरावट के साथ ही 98,769 रुपये के भाव पर कामकाज कर रहा था।

## बड़ी कंपनियां 5 दमदार एसयूवी लॉन्च करने की तैयारी में

**नई दिल्ली।** कई बड़ी कंपनियां दिवाली 2025 तक 5 दमदार एसयूवी लॉन्च करने की तैयारी में हैं, जो डिजाइन, फीचर्स और परफॉर्मेंस के मामले में जबरदस्त होंगी। महिंद्रा अपनी लोकप्रिय बोलेरो नियो का फेसलिफ्ट वर्जन 15 अगस्त 2025 को लॉन्च करेगी। यह एसयूवी कंपनी के नए फ्रीडम एनयू प्लेटफॉर्म पर तैयार होगी। इसमें गोल हेडलैम्प, नया बंपर और रिफ्रेश इंटीरियर देखने को मिलेगा। हालांकि इंजन में कोई बदलाव नहीं होगा।

मारुति अपनी नई मिडसाइज एसयूवी इस्कूडो को लॉन्च करने वाली है, जो ग्रैंड विटारा पर आधारित होगी लेकिन ज्यादा किफायती होगी। यह एसयूवी सिर्फ अरेना डीलरशिप पर मिलेगी और इसमें पेट्रोल, सीएनजी और हाइब्रिड इंजन विकल्प दिए जा सकते हैं। हुंडई अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी वेन्यू का फेसलिफ्ट वर्जन इस साल लाएगी।

## इफको ने केजे पटेल को अपना नया प्रबंध निदेशक नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** सहकारी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) ने केजे पटेल को अपना नया प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। इफको के मौजूदा प्रबंध निदेशक डॉक्टर उदय शंकर अवस्थी 40 साल की सेवा के बाद गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं।

इफको ने गुरुवार को एक बयान में कहा की इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी को 29 जुलाई को बोर्ड ने नए एमडी का नाम तय करने के लिए अधिकृत किया था। उन्होंने केजे पटेल को नया प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। उर्वरक क्षेत्र में 32 साल से अधिक की विशेषज्ञता के साथ पटेल इफको को नवाचार, परिचालन उत्कृष्टता और किसानों एवं सहकारी समितियों के लिए बेहतर मूल्य सृजन की दिशा में आगे बढ़ाएंगे। अभी तक वे इफको के तकनीकी निदेशक का पद संभाल रहे थे। उनको उर्वरक उद्योग में फील्?ड और ऑफि?स वर्क का व्यापक अनुभव है। पटेल ने सौराष्ट्र विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियर की डिग्री हासि?ल की है। उन्हें नाइट्रोजन और फॉस्फेट उर्वरक संयंत्रों के रखरखाव में 32 वर्षों से अधिक का समृद्ध अनुभव है।

## बाबा बैद्यनाथ धाम में 40.57 लाख श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण

**देवघर।** सावन माह में देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब लगातार उमड़ रहा है। गुरुवार तड़के 04:15 बजे से मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया। श्रद्धालुओं को बीएड कॉलेज से तिवारी चौक, शिवराम झा चौक, नेहरू पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स होते हुए जिला प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा के बीच जलार्पण कराया जा रहा है। बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में शिवभक्तों की गूंज है। कांवड़िए कतारबद्ध होकर बाबा का जयघोष करते हुए जलार्पण कर रहे हैं। सुल्तानगंज से जल लेकर 105 किलोमीटर पैदल यात्रा कर देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंच कर कांवड़िए जलार्पण करते हैं। जिला प्रशासन के अनुसार सावन मेला में अब तक कुल 40 लाख 57 हजार 220 श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण किया है। देश के हर कोने और विदेश से भी भक्त भोलेनाथ को जलार्पण करने आ रहे हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम श्रद्धालुओं की भीड़ देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसपी अजित पीटर डुंगडुंग ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सभी स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# भारत में बिजली की मांग में चार फीसदी बढ़ोतरी होने का अनुमान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने कहा है कि इस साल भारत में बिजली की मांग में मामूली चार फीसदी बढ़ोतरी होने का अनुमान है। वर्ष की पहली छमाही में गर्मी अपेक्षाकृत कम पड़ने से खपत में कमी आई है और अधिकतम मांग सितंबर में आने की संभावना है। आईईए ने अपनी छमाही रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक बिजली की मांग 2025-26 में पिछले अनुमान और पिछले दशक की तुलना में कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। चीन और भारत में बिजली की मांग इस साल 2024 में तीव्र वृद्धि के मुकाबले धीमी गति से बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल छह फीसदी की वृद्धि के बाद इस साल भारत में बिजली की मांग में चार



फीसदी की वृद्धि का अनुमान है। आईईए ने अनुमान लगाया है कि 2025 में चीन की खपत पांच फीसदी बढ़ेगी, जो पिछले साल के सात फीसदी से कम है। अकेले चीन की वैश्विक बिजली मांग वृद्धि में 50 फीसदी हिस्सेदारी होगी, जैसा कि 2024 में हुआ था। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में औद्योगिक गतिविधियों पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और 2024 की तुलना में कम गर्मी पड़ने से 2025 की पहली छमाही में बिजली की मांग में सालाना आधार पर 1.4 फीसदी की वृद्धि हुई। साल की बची हुई अवधि में मांग में और ज्यादा वृद्धि होने का अनुमान है और इसमें चार फीसदी वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। आईईए ने 2026 में 6.6 फीसदी की मजबूत वृद्धि का अनुमान है। इसका कारण उद्योग और सेवा क्षेत्रों में मजबूत गतिविधियां और एसी की बढ़ती संख्या है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पेरिस स्थित एजेंसी ने विद्युत मंत्रालय के अनुमानों का हवाला देते हुए कहा कि अधिकतम मांग 270 गीगावाट तक पहुंच सकती है। यह इस साल गर्मियों के बजाय सितंबर में स्थानांतरित हो सकती है। हालांकि उत्पादन क्षमता में वृद्धि से इस मांग को पूरा किए जाने का अनुमान है। आईईए ने उत्पादन के संबंध में कहा कि सौर पीवी और पवन ऊर्जा का संयुक्त उत्पादन 2025 की पहली छमाही में सालाना आधार पर 20 फीसदी ज्यादा रहा। कुल बिजली उत्पादन में इनकी हिस्सेदारी 14 फीसदी रही जो 2024 की पहली छमाही में 11 फीसदी थी। सौर पीवी उत्पादन में 25 फीसदी और पवन ऊर्जा में करीब 30 फीसदी की वृद्धि हुई। पनबिजली के क्षेत्र में 2024 के मध्य से स्थिति में उल्लेखनीय सुधार के परिणामस्वरूप जनवरी और जून के बीच जलविद्युत उत्पादन में सलाना आधार पर 16 फीसदी की वृद्धि हुई। राजस्थान परमाणु ऊर्जा स्टेशन की 700 मेगावाट की इकाई-सात सहित मार्च में उत्तरी ग्रिड से जुड़ी अतिरिक्त क्षमता ने इस अवधि में परमाणु ऊर्जा उत्पादन में 14 फीसदी की वृद्धि में योगदान दिया।

## वाल्वो जल्द लांच करेगी एक्ससी60 और एसयूवी ईएक्स30

**नई दिल्ली।** भारत में वाहन निमार्ता कंपनी वाल्वो एक साथ दो बड़े लॉन्च की तैयारी कर रही है। अगले महीने कंपनी अपने लोकप्रिय मॉडल एक्ससी60 का फेसलिफ्ट वर्जन पेश करेगी। साथ ही अपनी सबसे छोटी इलेक्ट्रिक एसयूवी ईएक्स30की भी एंट्री करेगी। हाल ही में भारत में ईएक्स30 को टेस्टिंग के दौरान देखा गया था, जिससे साफ है कि कंपनी इसके लॉन्च को लेकर पूरी तरह तैयार है। यह एसयूवी वोल्वो की इलेक्ट्रिक लाइनअप में ईसी40 और एक्ससी40 के नीचे होगी और भारतीय बाजार में ब्रांड की सबसे किफायती इलेक्ट्रिक कार मानी जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईएक्स30की एक्स-शोरूम कीमत लगभग 45 लाख हो सकती है। ईएक्स30 वोल्वो के सस्टेनेबल एक्सपीरियंस आर्किटेक्चर प्लेटफॉर्म पर आधारित है और ग्लोबली पहले से ही बिक्री में है।

## केनरा बैंक का उद्देश्य भरोसेमंद रिश्ता बनाना : हरदीप सिंह




केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक हरदीप सिंह अहलूवालिया की रांची यात्रा ग्राहकों से संवाद और भरोसे की नई पहल

एजेंसी

**रांची।** केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक हरदीप सिंह अहलूवालिया ने झारखंड की राजधानी रांची का दौरा किया। यह यात्रा ग्राहकों से सीधे संवाद स्थापित करने, शाखा कार्यप्रणाली की समीक्षा करने और स्थानीय जरूरतों को समझने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उनके साथ इस अवसर पर महाप्रबंधक सुजीत कुमार साहू एवं अवलोकन महाप्रबंधक रमणाइक भी उपस्थित थे, जिन्होंने स्थानीय प्रबंधन को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस यात्रा के दौरान अहलूवालिया ने केनरा बैंक की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित ग्राहकों से सीधी बातचीत कर उनके अनुभव, समस्याएं और सुझावों को सुना। उन्होंने ग्राहकों से संवाद करते हुए कहा कि केनरा बैंक का उद्देश्य केवल वित्तीय सेवाएं प्रदान करना नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ एक स्थायी और भरोसेमंद रिश्ता बनाना है। उन्होंने किसानों, लघु उद्यमियों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा वरिष्ठ नागरिक ग्राहकों से मुलाकात की और उनके बैंकिंग अनुभवों को समझा। इस दौरान ग्राहकों ने ऋण प्रक्रिया की गति, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की पहुंच और शाखाओं की सुविधा संबंधी अपने विचार साझा किए, जिन पर अहलूवालिया ने सकारात्मक आश्वासन भी दिया। शाखा निरीक्षण के दौरान अहलूवालिया ने डिजिटल सुविधाओं की उपलब्धता, ग्राहक सेवा की गुणवत्ता और कर्मचारियों की कार्यशैली की समीक्षा की। उन्होंने शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए बैंकिंग सेवाओं को और सुलभ और पारदर्शी बनाया जाए। इसके साथ ही, डिजिटल बैंकिंग को ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में विस्तार देने हेतु एक विशेष कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।

## प्लास्टिक प्रतिबंध के प्रति किया जागरूक

**नोएडा (चेतना मंच)।** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जन शिक्षण संस्थान के उपकेंद्र किदवई नगर, विकासखंड दादरी में संस्थान द्वारा स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत एकल उपयोग प्लास्टिक प्रतिबन्ध आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मो0 साबिर अली समाज सेवक रहे। जन शिक्षण संस्थान गौतमबुद्ध नगर के वीरेंद्र कुमार निदेशक ने सभी को प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों के विषय में विस्तार से समझाया और कपड़े के थैलों का प्रयोग करने के लिए आग्रह किया। मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता अपनाने एवं प्लास्टिक के थैले उपयोग नहीं करने का आग्रह किया। और वहां उपस्थित सभी लोगों को संस्थान द्वारा कपड़े के थैलों का वितरण भी मुख्य अतिथि के कर द्वारा कराया गया।

कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार निदेशक जन शिक्षण संस्थान, मौली जेकब लेखाकार, राधेश्याम क्लर्क, सलमान खान अनुदेशक, शाइस्ता, एवं संस्थान के लाभार्थीगण सहित 76 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

## ट्रक चालक पर एफआईआर

**नोएडा (चेतना मंच)।** एक्सप्रेसवे पर गेहूं की बोरियो से लदा ट्रक पलटने की वजह से लगे जाम के कारण लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी इस मामले में थाना सेक्टर 126 में ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कराया गया है।

गुरुवार को एक्सप्रेस वे पर गेहूं के बोरों से भरा ट्रक पलट गया था। एक्सप्रेसवे पर गेहूं से भरे बिखरने की वजह से एडवांस बिल्डिंग से दिल्ली की ओर जाने वाले नोएडा एक्सप्रेसवे पर लंबा जाम लग गया था। इससे आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस पुलिस वाहनों सहित अन्य लोग जाम में फंस गए। जाम में कई एंबुलेंस भी घंटे तक फंसी रही। ट्रैफिक जाम की सूचना मिलने पर स्थानीय वे ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने चार हाइड्रा क्रेन को मौके पर बुलाकर किसी तरह ट्रक को सड़क किनारे कर यातायात को सामान्य कराया। इस संबंध में उपनिरीक्षक विपिन कुमार ने ट्रक चालक जितेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## पति व ससुरालियों पर मारपीट का आरोप

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जारचा में महिला ने अपने पति सहित 4 ससुराल वालों के खिलाफ मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम करौंदा निवासी राजमा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी जनपद गाजियाबाद निवासी सलमान के साथ हुई थी। सलमान ने कुछ दिनों पूर्व उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया था इसके बाद वह अपने मायके चली आई थी। कुछ समय पूर्व वह वापस अपने ससुराल आई थी। ससुराल वापस लौटने पर उसके पति सलमान व उसके परिजनों ने दोबारा उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया पीड़िता के मुताबिक उसका ससुर अनीश जेठ जानू व देवर रिसाल उसके साथ मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## बाइक सवार ने छीना मोबाइल

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-64 स्थित टेक महिंद्रा कंपनी के पास बाइक सवार ने एक व्यक्ति से मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ित ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर -110 में रहने वाले सुधांशु तिवारी ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि वह सेक्टर-65 स्थित हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत है। 26 जुलाई की सुबह वह कंपनी से ड्यूटी खत्म कर अपने घर जा रहा था। वह जैसे ही सेक्टर-64 स्थित टेक महिंद्रा कंपनी के पास पहुंचा तो पीछे से बाइक पर आए एक युवक ने उसके हाथ से मोबाइल फोन झपट लिया। उसने बाइक सवार को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह बाइक को तेज रफ्तार में दौड़ा कर वहां से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और बाइक सवार बदमाश की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# ‘एक पेड़ माँ के नाम 2.0’ के अंतर्गत रेलगांव कॉलोनी में पौधारोपण कार्यक्रम

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी एवं अनिमेष कुमार सिन्हा प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर के नेतृत्व में रेलगाँव कॉलोनी सूबेदारगंज उत्तर मध्य रेलवे में मियांवाकी पौधारोपण स्थल पर ‘एक पेड़ माँ के नाम 2.0’ के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही इस स्कीम का उद्देश्य प्रकृति को हरा-भरा करना एवं वातावरण को शुद्ध बनाना है।

वृक्ष हमारी भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। इस पौधारोपण कार्यक्रम में विभिन्न किस्म के लगभग 250 फलदार पौधो को लगाया गया जिनमें प्रमुखत: नींबू, आवला, अमरूद, सहतूत इत्यादि सम्मिलित थे। मियांवाकी पौधारोपण स्थल पर ड्रिप इरीगेशन की सुविधा मौजूद है। इस कार्यक्रम में अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण शामिल हुए एवं सभी के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

इस दौरान पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए शिव कुमार मुख्य पर्यावरण प्रबन्धक/उत्तर मध्य रेलवे ने अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्षों को लगाने का निवेदन किया। उपरोक्त कार्यक्रम, मुख्य पर्यावरण प्रबन्धक के मार्गदर्शन में विभिन्न पर्यवेक्षकों एवं हॉर्टिकल्चर कर्मियों द्वारा सम्पन्न किया गया।




## पृष्ठ एक के शेष....

**बिहार में कटेगा...**

अधिकारी राज्य में मतदाताओं या किसी भी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को 1 अगस्त से 1 सितंबर तक आगे आकर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने और हटाने तथा मतदाताओं से जुड़ी जानकारी में सुधार के लिए दावे और आपत्तियां देने के लिए आमंत्रित करेंगे।

बिहार में 24 जून से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया के बाद अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी. चुनाव आयोग ने 27 जुलाई को एक प्रेस नोट में कहा था कि बिहार में मतदाता सूची में पंजीकृत 91.69 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने गणना फॉर्म जमा कर दिए हैं और 1 अगस्त को प्रकाशित होने वाले ड्राफ्ट में उनका नाम शामिल होगा। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि 24 जून, 2025 तक 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 7.24 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने गणना फॉर्म जमा कर दिए थे, जो एसआईआर प्रक्रिया में लोगों की भारी भागीदारी का संकेत है। इसका मतलब है कि 65 लाख मतदाताओं के नाम 1 अगस्त की मसौदा सूची में शामिल नहीं होंगे।

**उपराष्ट्रपति पद ...**

अनुच्छेद 324 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग भारत के उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव कराता है। इसमें संविधान के अनुच्छेद 66(1) के अनुसार, भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं।

**दोस्त की जान....**

मनोज को पुलिस ने आज सुबह ग्राम चक्रसेनपुर में फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार किया। इसके पास से वारदात में प्रयुक्त 32 बोर की पिस्तौल और कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने इस वारदात में शामिल एक बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया है।

**गार्ड पर गिरी...**

इस हादसे में मिथुन के सिर में गंभीर चोटें आई थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना फेस दो पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में परिजनों द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है परिजन अगर कोई तहरीर देते हैं तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**भाई ने फर्जीवाड़ा कर....**

आरोपियों ने धमकी दी कि यदि उनके खिलाफ कोई भी कानूनी कार्रवाई की तो वह उसे जान से मार देंगे। इसके बाद उसने न्यायालय में आरोपियों के खिलाफ वाद दायर किया। लोकेश के मुताबिक 15 मार्च 2025 को गांव के ही संभ्रांत व्यक्तियों ने पंचायत कर निर्णय लिया कि उसके हिस्से का जो बैनामा लिखा गया है उसे निरस्त कर दिया जाएगा। इस कारण उसने मुकदमे में पर भी बंद कर दी न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण उसका मुकदमा खारिज हो गया।

लोकेश के मुताबिक उसने जब दो माह पूर्व अपने भाई से बैनामा निरस्त करने को कहा तो सभी लोगों ने मिलकर उसके साथ फिर मारपीट की और धमकी दी कि बैनामा निरस्त नहीं होगा। अगर वह मकान पर आया तो उसे व उसके परिवार को जान से मार दिया जाएगा। उसने थाना रबूपुरा में भी शिकायती पत्र दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई इसके बाद उसने न्यायालय में आरोपीय के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। न्यायालय के निर्देश पर सत्यवीर, शीतल भाटी, वीर प्रताप भाटी, सतवीर व निरंजन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

**फॉर्च्यूनर की टक्कर ....**

इस दौरान गाजियाबाद की तरफ से तेज गति में आ रही फॉर्च्यूनर कार के चालक ने उसके भाई साजिद को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद फॉर्च्यूनर चालक मौके से फरार हो गया गंभीर हालत में साजिद को वह पुलिस की मदद से एसजेएम अस्पताल लेकर पहुंचा यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर फॉर्च्यूनर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है कार नंबर के आधार पर आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

**15 अगस्त तक मिल जाएगी...**

रोजाना करीब 1 से 1.25 लाख लोग इस लिंक लाइन का प्रयोग करेंगे। इसके निर्माण में करीब 2254.35 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस मेट्रो कॉरिडोर पर बॉटेनिकल गार्डन, नोएडा सेक्टर-44, नोएडा ऑफिस, नोएडा सेक्टर-97, नोएडा सेक्टर-105, नोएडा सेक्टर-108, नोएडा सेक्टर-93, और पंचशील बालक इंटर कॉलेज स्टेशन बनाए जाएंगे। कॉरिडोर का आखिरी स्टेशन सेक्टर-142 होगा।

**40 करोड़ में बनेगी...**

कंपनी का चयन किया जाएगा इसके बाद गहरी सीवर लाइन का काम होगा। हालांकि ये काम उप्र जल निगम को पूरा करना था। वर्ष-2002 में इसके लिए नोएडा प्राधिकरण और उप्र जल निगम के बींच एमओयू साइन हुए थे। इस एमओयू को आंशिक रुप से निरस्त कर दिया गया है। डीप सीवर लाइन का ये काम 40 करोड़ रुपए में किया जाएगा। जबकि इसी काम को जल निगम 63.36 करोड़ में 1.5 साल में पूरा करता। इसीलिए एग्रीमेंट को आंशिक निरस्त किया गया। इसका फैसला बोर्ड में लिया जा चुका है। इस एरिया में लगातार इंडस्ट्री, संस्थागत, आवासी और ग्रामीण आबादी बढ़ रही है। यहां पहले डाली गई सीवरेज लाइन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। ऐसे में निकलने वाले सिवेज नोएडा एक्सप्रेस वे ग्रीन बेल्ट में जगह-जगह भर जाता है।

**नाबालिकों के साथ ...**

पूछताछ में पकड़े गए अरुण ने बताया कि वह नाबालिक किशोरों के साथ मिलकर बाजार में भीड़भाड़ वाले स्थान पर मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। बीते दिनों उसने सेक्टर-81 से मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी ने बताया कि वह अपने साथ चाकू भी रखता है अगर कोई व्यक्ति विरोध करता है तो वह उसे डरा धमका कर मौके से फरार हो जाते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों बाल अपचारियों को संरक्षण में लिया गया है और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

**जर्मन कंपनी ने फैलाया...**

दस्तावेज दिखाएं और बताया कि वह पहले भी कई भारतीय कंपनियों को यूरोप की कंपनियों को मिलने में सलाहकार का काम कर चुका है।

नवीन चंद्र उतरेती के मुताबिक डॉक्टर डी सलदान्हा की बातों में आकर उसने एक जुलाई 2020 को एक अनुबंध स्वीकृत किया। इसकी एवज में डॉ. डी सलदान्हा ने उसे 6000 यूरो (597408 भारतीय रुपए) की मांग की। इन पैसों का भुगतान करने के पश्चात उसे 249000 और लिए गए। उसने जब अपने कारोबार के बारे में पूछा तो डॉक्टर डी सलदान्हा ने बताया कि उसकी प्रक्रिया में समय लग रहा है। करीब आठ माह बाद आरोपी ने कंपनी को एरियल रोबोटिक जीएमबीएच नामक जर्मन कंपनी से परिचित कराया। इस कंपनी के बारे में उसे बढ़ा चढ़ाकर बताया गया। कंपनी का मूल्यांकन करने के लिए पीवीसी संस्था को नियुक्त किया गया जिसमें आरोपी ने अपने खुद के भेजे गए व्यक्ति थॉमस को प्रस्तावित किया। इस दौरान आरोपी उसे 35534 यूरो (3561839 भारतीय रुपए) ले चुका था। इस दौरान आरोपी द्वारा अपने एजेंट के माध्यम से दोनों टारगेट कंपनियों के साथ हो रहे समझौते पर नजर रखी जा रही थी। इस बारे में जब उसे पता चला तो उसने अक्टूबर 2021 में सभी अनुबंध समाप्त कर दिए। नवीन चंद्र के मुताबिक आरोपी ने धोखाधड़ी छल कपट करते हुए उसके 3561839 हड़प लिए। उसने जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने कोई जवाब नहीं दिया। उसने अपने साथ हुई ठगी की घटना की जानकारी पुलिस को दी लेकिन वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने इस मामले में थाना फेस 2 पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए।

**हरियाणा का टप्पेबाज...**

नीचे गिरते ही व्यक्ति ने पुलिस पर फायरिंग कर दी जवाबी कार्रवाई में बाइक सवार के गोली लगी। एडीसीपी ने बताया कि घायल बदमाश की पहचान अजय उर्फ टिंकू पुत्र रामनिवास निवासी मोहल्ला वाल्मीकि कस्बा व थाना भुना फतेहाबाद हरियाणा के रूप में हुई इसके पास से तमंचा कारतूस चोरी की बाइक वह 5000 बरामद हुए। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया अजय उर्फ टिंकू शातिर टप्पेबाज है। पकड़े गए आरोपी ने अपने साथी लोकेश मिश्रा, पवन कुमार, संजीव कुमार के साथ मिलकर एक जुलाई को थाना क्षेत्र के चेरी कंट्री पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति से 10 लाख रुपए की ठगी की थी। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों को अपने जाल में फंसा कर टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस पिछले कई दिनों से उसकी तलाश कर रही थी घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है और इसके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाना का प्रयास किया जा रहा है।

**खास खबर**

### फिलिपीन्स के राष्ट्रपति का भारत दौरा 4 से

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर फिलिपीन्स के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस भारत का आधिकारिक दौरा करेंगे। यह दौरा 4 से 8 अगस्त तक होगा। इस दौरान राष्ट्रपति मार्कोस के साथ उनकी पत्नी लुइस अरानेटा मार्कोस और उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। राष्ट्रपति मार्कोस बेंगलुरु का भी दौरा करेंगे। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने आज दी। मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि राष्ट्रपति मार्कोस का यह भारत का पहला दौरा है। इस यात्रा के दौरान 5 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मार्कोस के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी। इसके अलावा राष्ट्रपति मार्कोस राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर भी राष्ट्रपति मार्कोस से मुलाकात करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत और फिलिपीन्स के बीच कूटनीतिक संबंध नवंबर 1949 में स्थापित हुए थे। तब से दोनों देशों ने व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, समुद्री सहयोग, कृषि, स्वास्थ्य, औषधि और डिजिटल प्रौद्योगिकियों जैसे कई क्षेत्रों में मजबूत भागीदारी विकसित की है। दोनों देश क्षेत्रीय स्तर पर भी निकटता से जुड़े हुए हैं। इसमें भारत की आसियान के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी शामिल है।

### जशपुर में भूकंप के झटके

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में गुरुवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप सुबह करीब 7 बजकर 31 मिनट पर आया। इस दौरान लोग एहतियातन घरों से बाहर निकल आए। भूकंप से किसी तरह की जनहानि या नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का केन्द्र जशपुर जिला के बगीचा इलाका बताया जा रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है। भू गर्भ शास्त्री अनिल सिन्हा ने बताया कि भूकंप 4 के मैग्नीड्यूड का है। इससे बहुत ज्यादा जान-माल की हानि नहीं होती है। इस वजह से अभी ये नेशनल मैप पर नहीं आया है। भूकंप के लिहाज से जशपुर भी एक संवेदनशील इलाका है। पिछले 3 साल में कई बार सरगुजा में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

### प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी बने बीएचयू के 29वें कुलपति

**वाराणसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) का नया कुलपति नियुक्त किया है। प्रो. चतुर्वेदी आईआईटी कानपुर में प्रोफेसर हैं और वे बीएचयू के 29वें कुलपति होंगे। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए या 70 वर्ष की आयु पूरी होने तक (जो भी पहले हो) प्रभावी होगी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में प्रो अजीत कुमार चतुर्वेदी को नया कुलपति नियुक्त करने के संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से बीएचयू के रजिस्ट्रार को संबोधित एक आधिकारिक पत्र जारी कर दिया गया है। प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी एक अनुभवी शिक्षाविद् और प्रशासक हैं। वे पूर्व में आईआईटी रुड़की के निदेशक रह चुके हैं, साथ ही आईआईटी कानपुर में डीन और उप निदेशक के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।
उनके शैक्षणिक योगदान विशेष रूप

# मुंबई एयरपोर्ट पर 8 करोड़ की ड्रग्स जब्त

## 4 पैसेंजर्स के सामान से हाइड्रोपोनिक वीड मिला, बैंकॉक से आई 2 फ्लाइट्स पर कार्रवाई

● बैग के अंदर काले और पारदर्शी वैक्यूम सील पैकेट्स में छिपा रखे थे

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई कस्टम डिपार्टमेंट के एविएशन अधिकारियों ने 8 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की है। यह कार्रवाई 29 और 30 जुलाई को हुई। इसमें 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कस्टम ऑफिसर ने छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आई फ्लाइट नंबर वीजी760 से तीन संदिग्ध पैसेंजर्स को रोका था। इनके सामान की जांच के दौरान 1.990 ˝ हाइड्रोपोनिक वीड (मारिजुआना) मिला, जिसकी बाजार में करीब 2 करोड़ रुपए की कीमत है। मुंबई एयरपोर्ट के ही एक दूसरे मामले में बैंकॉक की फ्लाइट नंबर 6ए1060 से एक पैसेंजर के पास 6.22 ˝ हाइड्रोपोनिक वीड बरामद किया। इसकी बाजार कीमत 6 करोड़ रुपए है। दोनों मामलों ने एविएशन अधिकारियों ने 8 करोड़ की ड्रग्स जब्त की है। बैग के अंदर काले और पारदर्शी वैक्यूम सील पैकेट्स में छिपा रखे थे।
पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने इन हाइड्रोपोनिक वीड के पैकेट्स को ट्रॉली बैग के अंदर काले और पारदर्शी वैक्यूम सील पैकेट्स में छिपा रखा था। सभी यात्रियों को ठउ्रद्धर धारा, 1985 के अंतर्गत अरेस्ट कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। तस्कर समुद्र में ड्रग्स



फेंककर अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भाग निकले थे।तस्कर समुद्र में ड्रग्स फेंककर अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भाग निकले थे।

**गुजरात से 1800 करोड़ की जब्त हुई थी**

करीब चार महीने पहले गुजरात में इंडियन कोस्ट गार्ड (क्ठञ्र) ने 300 किलो ड्रग्स जब्त की थी, जिसकी कीमत करीब 1,800 करोड़ रुपए है। गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड (अळर) और कोस्ट गार्ड ने 12-13 अप्रैल की रात ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र से ड्रग्स की खेप को पकड़ा है।

## मोदी कल वाराणसी से जारी करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा और उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने बुधवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान, बैठक में दोनों राज्यों के कृषि मंत्रियों ने क्षेत्र में कृषि एवं किसान कल्याण के संबंध में चर्चा कर अपने सुझाव दिए। शिवराज सिंह ने बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों को किसानों के हित में दिशा-निर्देश दिए। केंद्रीय कृषि मंत्री ने बैठक में बिहार व उ.प्र. के मंत्रियों से अनुरोध किया कि वे आगामी 2 अगस्त को होने वाले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के वृहद कार्यक्रम में अधिकाधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी (उ.प्र.) से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त देशभर के करोड़ों किसानों के बैंक खातों में जारी करेंगे। ये कार्यक्रम सभी राज्यों में होगा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह पटना (बिहार) में इसके आयोजन में सम्मिलित होंगे। इसकी तैयारियों को लेकर शिवराज सिंह ने बिहार के उप मुख्यमंत्री सिन्हा व उ.प्र. के कृषि मंत्री शाही से बातचीत की। बैठक में शाही ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों के जुड़ने की आखिरी तारीख को 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त कर दी जाए, जिस पर शिवराज सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया, वहीं शाही तथा सिन्हा ने किसानों के हित में अन्य कई सुझाव भी दिए।

## देश का पहला मेक-इन-इंडिया ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट गुजरात के कांडला में शुरू

● यह पूरी तरह से भारत में बना है और देश की आत्मनिर्भरता और टिकाऊ विकास के संकल्प को मजबूत करता है




एजेंसी

**नई दिल्ली।** गुजरात में कांडला के दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण (डीपीए) में भारत के पहले मेक-इन-इंडिया 1 मेगावाट ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट की शुरूआत की गई। इसके चालू होने से डीपीए देश का पहला ऐसा बंदरगाह बन गया है जो मेगावाट स्तरीय ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन सुविधा का संचालन कर रहा है। इस मौके पर केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में इस परियोजना का उद्घाटन किया।
यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हरित भारत के विजन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। प्लांट की खास बात यह है कि यह पूरी तरह से भारत में बना है और देश की आत्मनिर्भरता और टिकाऊ विकास के संकल्प को मजबूत करता है। यह संयंत्र हर साल करीब 140 मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा, जो समुद्री क्षेत्र को डीकाबोर्नाइज करने और बंदरगाह संचालन को अधिक पर्यावरण अनुकूल बनाने में मदद करेगा। सोनोवाल ने कहा कि इसी साल मई में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भुज में 10 मेगावाट के ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई थी। इसके केवल चार महीनों के भीतर उसका पहला 1 मेगावाट मॉड्यूल चालू कर दिया गया, जो एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण ने मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 को हकीकत में बदलते हुए गति, पैमाने और कौशल का उदाहरण पेश किया है। डीपीए में पहले से तैनात भारत के पहले ऑल-इलेक्ट्रिक ग्रीन टग का जिक्र करते हुए मंत्री सोनोवाल ने कहा कि बंदरगाह की हरित पहलों के प्रति प्रतिबद्धता सराहनीय है। उन्होंने एलएंडटी की इंजीनियरिंग टीम और डीपीए के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि इस जटिल परियोजना को जिस तेजी और सटीकता से पूरा किया गया, वह प्रेरणादायक है।

## डीजीसीए ने एअर इंडिया में कई बड़ी खामियां पकड़ी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के अंदर विमानों की सुरक्षा देखने वाली संस्था नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टाटा समूह की एयरलाइन एअर इंडिया में कई बड़ी खामियां पकड़ी हैं। सूत्रों के मुताबिक इसमें पायलटों और केबिन क्रू की ट्रेनिंग, उनके आराम और ड्यूटी के नियम और उड़ान भरने-उतरने से जुड़े मानकों में करीब 100 तरह की गड़बड़ियां सामने आई हैं। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक, ये संख्या 51 है।इसमें से 7 गड़बड़ियां लेवल-1 की हैं। ये सबसे गंभीर सुरक्षा जोखिम हैं और एयरलाइन को इन्हें 30 जुलाई तक ठीक करना होगा। बाकी 44 खामियों को 23 अगस्त तक सुधारने का आदेश दिया गया है। हालांकि, अभी इन खामियों की लिस्ट सार्वजनिक नहीं हुई है।एअर इंडिया ने इन ऑडिट नतीजों को स्वीकार कर कहा है कि वे तय समय के अंदर डीसीजीए को अपना जवाब देगी। डीजीसीए एअर इंडिया के गुरुग्राम में बने मुख्य सेंटर पर 1 से 4 जुलाई तक एक बड़ा ऑडिट हुआ था। इसमें फ्लाइट ऑपरेशन, शेड्यूल बनाने, रोस्टरिंग और कई दूसरे पहलुओं की जांच की गई थी। डीजीसीए ने 23 जुलाई को एअर इंडिया को चार कारण बताओ नोटिस भेज दिए थे। ये केबिन क्रू के आराम और ड्यूटी नियमों, ट्रेनिंग रूल्स, और ऑपरेशनल प्रोसीजर के उल्लंघन को लेकर थे। इससे पहले 21 जून को डीजीसीए ने चालक दल की शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग की जिम्मेदारी से जुड़े तीन अधिकारियों को हटाने के निर्देश दिए थे। डीजीसीए ने उनकी कार्यशैली में गंभीर लापरवाही पाई थी।

## न्यूजीलैंड में सुनामी गतिविधि शुरू



एजेंसी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के आपातकालीन प्रबंधन अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि देश के तटवर्ती क्षेत्रों में सुनामी की गतिविधि शुरू हो चुकी है। बुधवार देररात देशभर में मोबाइल फोन पर अलर्ट प्रसारित कर लोगों को समुद्र, तटों, बंदरगाहों, नदियों और खाड़ियों से दूर रहने की सलाह दी गई। हालांकि अब तक किसी इलाके में अनिवार्य निकासी आदेश जारी नहीं किए गए हैं, लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मजबूत समुद्री धाराएं और लहरों का अचानक उठना लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। न्यूजीलैंड, भूकंप के केंद्र से लगभग 6,000 मील दूर है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि भूकंप के कारण उत्पन्न लहरों की पहली श्रृंखला सबसे बड़ी नहीं हो सकती। आने वाले समय में और भी बड़ी लहरें तटों से टकरा सकती हैं। अधिकारियों ने कहा है कि यह खतरा गुरुवार दोपहर तक बना रह सकता है और तब तक लोग समुद्री इलाकों से पूरी तरह दूर रहें।

## दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा की विदाई एसबीके सिंह को सौंपा गया अतिरिक्त प्रभार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा का तीन साल का कार्यकाल 31 जुलाई, 2025 को समाप्त हो गया। उनके सम्मान में किंग्सवे कैंप स्थित न्यू पुलिस लाइन में एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पारंपरिक परेड और उनके विदाई भाषण ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। 1988 बैच के तमिलनाडु कैडर के आईपीएस अधिकारी संजय अरोड़ा ने 1 अगस्त, 2022 को राकेश अस्थाना के स्थान पर दिल्ली पुलिस कमिश्नर का पद संभाला था। उनके रिटायरमेंट के बाद वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एसबीके सिंह को दिल्ली पुलिस कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, जो 1 अगस्त, 2025 से प्रभावी होगा। संजय अरोड़ा के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियां। संजय अरोड़ा के नेतृत्व में दिल्ली पुलिस ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं:अपराध नियंत्रण में सुधारः अरोड़ा ने दिल्ली में स्ट्रीट क्राइम, विशेष रूप से चोरी और लूटपाट जैसे मामलों को कम करने के लिए प्रभावी रणनीतियां लागू कीं। रात में गश्त बढ़ाने और सीसीटीवी निगरानी को मजबूत करने से अपराध दर में कमी आई।तकनीकी उन्नतिः उनके कार्यकाल में दिल्ली पुलिस ने डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा दिया। ऑनलाइन शिकायत प्रणाली और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग अपराध विश्लेषण और रोकथाम में प्रभावी रहा। महिला सुरक्षा पर जोरः दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराधों को कम करने के लिए विशेष अभियान चलाए गए, जिसमें ₹निर्भया स्क्वाडर और हेल्पलाइन सेवाओं का विस्तार शामिल है।सामुदायिक पुलिसिंगः अरोड़ा ने स्थानीय समुदायों के साथ पुलिस के संबंधों को मजबूत करने के लिए कई जागरूकता कार्यक्रम शुरू किए, जिससे जनता का विश्वास बढ़ा।

## सऊदी अरब ने 12 ईरानी मछुआरों को रिहा किया

एजेंसी

**तेहरान।** सऊदी अरब में कैद 12 ईरानी नागरिकों को रिहा कर उनके स्वदेश भेज दिया गया है। यह जानकारी ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने दी। रिहा किए गए सभी व्यक्ति मछुआरे हैं, जिन्हें सऊदी जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ईरान के दूतावास के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि इन मछुआरों की रिहाई कानूनी कार्यवाहियों और आवश्यक औपचारिकताओं की पूर्ति के बाद संभव हो सकी। दूतावास ने यह भी बताया कि इस पूरे प्रकरण में लगातार राजनयिक प्रयास और सऊदी अधिकारियों के साथ संवाद की अहम भूमिका रही। हालांकि रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि इन मछुआरों को कब गिरफ्तार किया गया था और उनकी रिहाई तथा स्वदेश वापसी की तारीखें क्या थीं। तसनीम एजेंसी ने यह भी जानकारी दी है कि अब भी 15 अन्य ईरानी मछुआरे सऊदी अरब की जेलों में बंद हैं, जिन पर इसी तरह का आरोप है। ईरानी दूतावास उनके मामलों को भी प्राथमिकता के साथ सऊदी विदेश मंत्रालय के समक्ष उठा रहा है, ताकि उनकी भी जल्द रिहाई सुनिश्चित की जा सके।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के आरोप में पांच गिरफ्तार



एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश के बेतगारी संघ के अलदादपुर बालापारा गांव में हिंदुओं पर हमले के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर बुधवार शाम रंगपुर डिवीजन की एक अदालत में पेश किया। अदालत ने पांचों को जेल भेज दिया। अलदादपुर बालापारा गांव रंगपुर के गंगाचारा उपजिले में आता है। द डेली स्टार की खबर के अनुसार, किशोरगंज पुलिस थाना के प्रभारी अशरफुल इस्लाम ने बताया कि रंगपुर की अदालत ने यासीन अली (25), स्वाधीन मिया (28), अशरफुल इस्लाम (28), अतीकुर रहमान खान (30) और सद्दाम हुसैन सलीम (22) को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। सभी आरोपित निलफामारी के किशोरगंज उपजिले के अंतर्गत मगुरा गांव के निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक अशरफुल ने बताया कि संयुक्त बलों के सदस्यों ने तड़के आरोपितों को उनके घरों से दबोचा। इससे पहले मंगलवार रात पीड़ितों में से एक रवींद्र नाथ रॉय ने गंगाचारा मॉडल पुलिस थाने में तोड़फोड़ और लूटपाट का मामला दर्ज कराया था। प्राथमिकी में 1,200 अज्ञात व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। रॉय का आरोप है कि उनके पांच मवेशी, नकदी और सोने के आभूषण लूट लिए गए हैं।

## फ्रांस, ब्रिटेन के बाद कनाडा भी फिलिस्तीन को मान्यता देगा




एजेंसी

**ओटावा।** फ्रांस और ब्रिटेन के बाद कनाडा और माल्टा ने भी फिलिस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा देने की घोषणा की है।सितंबर में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में कनाडा, फिलिस्तीन को औपचारिक मान्यता देगा। पिछले दस दिनों के भीतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सितंबर में फिलिस्तीन को औपचारिक मान्यता देने की घोषणा की। फिलिस्तीन के मुद्दे पर फ्रांस, ब्रिटेन और कनाडा के साथ आने से जी-7 के तीन महत्वपूर्ण देश एकसाथ आ गए हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि कनाडा 23 सितंबर से शुरू हो रही संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश का दर्जा देने संबंधी कदम उठाएगा। हालांकि इसके लिए कुछ शर्तें जोड़ते हुए कार्नी ने कहा कि फिलिस्तीन को साल 2026 में आम चुनाव कराने होंगे, जिसमें हमास को कोई भूमिका नहीं होगी। साल 2006 के बाद से वहां चुनाव नहीं हुए हैं। साथ ही हथियार मुक्त फिलिस्तीन की शर्त जोड़ी गई है। कार्नी ने इस संबंध में फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात कर इन शर्तों का उल्लेख किया। कार्नी के मुताबिक फिलिस्तीन के राष्ट्रपति ने शर्तों को लेकर अपनी सहमति दे दी है। उधर, माल्टा के विदेश मंत्रालय के स्थायी सचिव क्रिस्टोफर कटाजार ने कहा कि उनका देश सितंबर में फिलिस्तीन को औपचारिक मान्यता देगा। खास बात यह है कि ब्रिटेन और कनाडा ने फिलिस्तीन को मान्यता देने के लिए शर्तें रखी हैं। ब्रिटेन का कहना है कि इजराइल अगर हमास के साथ सीजफायर पर सहमत नहीं होता है तो वह सितंबर में फिलिस्तीन को मान्यता देगा। कनाडा ने अगले साल चुनाव कराने और हथियारमुक्त फिलिस्तीन की शर्त रखी है।

## धरती के करीब से गुजरेगी अंतरिक्ष चट्टान, धरती को खतरा नहीं: नासा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** धरती के बहुत ही करीब से एक अंतरिक्ष चट्टान गुजर रही है, जिसका नाम एस्टेरॉयड 2025 ओएल1 है। यह एस्टेरॉयड एक छोटे यात्री विमान जितना बड़ा है, करीब 110 फीट व्यास का। इसकी रफ्तार है 27,204 किलोमीटर प्रति घंटा है। नासा ने इसे लेकर चेतावनी दी है, लेकिन साथ ही यह भी कहा है कि इससे धरती को कोई खतरा नहीं है। एस्टेरॉयड 2025 ओएल1 धरती से करीब 12.9 लाख किलोमीटर दूर से गुजरेगा। यह दूरी अंतरिक्ष के पैमानों पर तो बहुत पास है, लेकिन आम मानव जीवन के हिसाब से यह सुरक्षित दूरी है। बता दें चांद धरती से करीब 3.84 लाख किलोमीटर दूर है, यानी यह एस्टेरॉयड चांद से भी तीन गुना ज्यादा दूरी से गुजरेगा। नासा के मुताबिक कोई भी एस्टेरॉयड 7.4 मिलियन किलोमीटर के दायरे में आता है और उसका आकार 85 मीटर या उससे ज्यादा है, तो उसे संभावित रूप से खतरनाक माना जाता है। एस्टेरॉयड 2025 ओएल1 आकार के लिहाज से इस श्रेणी में आता तो है, लेकिन दूरी के कारण यह खतरे की श्रेणी से बाहर है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इतिहास में एस्टेरॉयड से टकराव की घटनाएं हमें यह सिखा चुकी हैं कि अंतरिक्ष की ये चट्टानें कितनी विनाशकारी हो सकती हैं। 1908 में तुंगुस्का (साइबेरिया) में गिरे एस्टेरॉयड ने करीब 2000 वर्ग



किलोमीटर जंगल तबाह कर दिया था। अगर कोई बड़ा एस्टेरॉयड घनी आबादी वाले इलाके में टकरा जाए, तो वह भयानक तबाही मचा सकता है। यही कारण है कि नासा, इसरो जैसी अंतरिक्ष एजेंसियां लगातार निगरानी करती हैं। इनका मकसद न केवल इनके रास्तों को समझना है, बल्कि भविष्य में होने वाली किसी संभावित टक्कर को रोकने की रणनीति भी बनाना है। इसरो भी अब इस दिशा में सक्रिय है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने हाल ही में कहा था कि भारत को भी ऐसे खतरों के लिए तैयार रहना होगा। इसरो की नजर विशेषकर एपोपिस जैसे बड़े एस्टेरॉयड पर है, जो 2029 में धरती के बेहद पास से गुजरेगा। इसरो अब नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी, जापान जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर एस्टेरॉयड डिटेक्शन और डिफ्लेक्शन टेक्नोलॉजी पर काम कर रहा है, ताकि भविष्य में किसी भी खतरनाक एस्टेरॉयड को धरती से टकराने से पहले ही रास्ता बदलने पर मजबूर किया जा सके। एस्टेरॉयड 2025 ओएल1 धरती के लिए खतरा न हो, लेकिन इसका पास से गुजरना वैज्ञानिकों के लिए एक बड़ा अवसर है।

## अमेरिकी नौसेना का एफ-35 लड़ाकू विमान कैलिफोर्निया में दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित



एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना का एफ-35 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह विमान हादसा मध्य कैलिफोर्निया में नेवल एयर स्टेशन लेमूर के पास हुआ। इस लड़ाकू विमान का पायलट सुरक्षित है। नौसेना का कहना कि जांच शुरू कर दी गई है। नौसेना के बयान के अनुसार यह विमान मध्य कैलिफोर्निया के फ्रेस्नो शहर से लगभग 40 मील दूर दक्षिण-पश्चिम में नेवल एयर स्टेशन के पास खेत में गिर गया। इस दौरान उसमें आग लग गई। हादसे के दौरान पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। शाम लगभग 6:30 बजे हुई इस दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। फ्रेस्नो काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि कैलिफोर्निया फायर ने पायलट की मदद की। नौसेना ने कहा कि विमान को स्ट्राइक फाइटर स्क्वाड्रन वीएफ-125 (रफ रेडर्स) को सौंपा गया था। रफ रेडर्स पायलटों और एयरक्रू को प्रशिक्षित करते हैं। एफ-35 पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू और दुनिया के सबसे उन्नत युद्धक विमानों में से एक और अमेरिकी सेना के बेड़े का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# भूलकर भी गूलर के पेड़ के नीचे से नहीं गुजरे कांवड़िएं, खंडित हो सकती है कांवड़ यात्रा

**कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों को एक खास पेड़ यानि गूलर के पेड़ के नीचे से गुजरने की मनाही होती है। इस पेड़ के नीचे से गलती से भी गुजर जाए तो काफी नुकसान होता है।**



सावन के महीनें में कई व्रत और त्योहार की शुरुआत हो चुकी है। वहीं पर कांवड़ यात्रा भी जारी है। वैसे तो कांवड़ियों के लिए कांवड़ यात्रा के दौरान कई नियम होते है जिनका पालन उन्हें करना होता है। आज हम आपको कांवड़ यात्रा से जुड़े एक और नियम के बारे में जानकारी दे रहे है जो जरूरी है। यात्रा के दौरान कांवड़ियों को एक खास पेड़ यानि गूलर के पेड़ के नीचे से गुजरने की मनाही होती है। इस पेड़ के नीचे से गलती से भी गुजर जाए तो काफी नुकसान होता है। कांवड़ यात्रा भी खंडित मानी जाती है। जानते है गूलर का पेड़ और कांवड़ियों के बीच का संबंध।

**पूजनीय होता है गूलर का पेड़**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गूलर के पेड़ को पूजनीय माना जाता है। कहते है इसका संबंध शुक्र ग्रह से जोड़कर देखा जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इस पेड़ का संबंध यशराज कुबेर से भी है. जब कांवड़यि इस पेड़ के नीचे से गुजरते हैं तो उनके पत्ते या फल उनके पैरों के नीचे आ जाते हैं, जिससे भगवान शिव और अप्रसन्न होते हैं। भूलकर ही कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों को इस पेड़ के नीचे से नहीं गुजरना चाहिए। इतना ही नहीं यह भी माना जाता है कि, कांवड़ियों को गूलर के पेड़ के नीचे से गुजरने की मनाही होती है क्योंकि गूलर के फल में असंख्य जीव-जंतु होते हैं।

अगर किसी कांवड़िए का पैर इसके फल पर पड़ जाता है, तो उन्हें उन जीव-जंतुओं की हत्या का पाप लगता है और उनकी कांवड़ यात्रा खंडित हो जाती है। पाप लगने के बाद जल शिव पर चढ़ने के लायक नहीं रहता और कांवड़ियों को अपनी यात्रा दोबारा शुरू करनी पड़ती है। गूलर के पेड़ में नकारात्मक और बुरी ऊर्जाओं का वास बताया जाता है।

**कांवड़ यात्रा खंडित हो जाएं तो है नियम**

कहां जाता है, कांवड़ यात्रा से जुड़े कई नियम होते है जिसमें अगर किसी भी नियम की वजह से कांवड़ यात्रा खंडित हो जाती है तो कांवड़ियों को जल वहीं किसी पेड़ के नीचे विसर्जित कर देना चाहिए। साथ ही भगवान शिव से क्षमा मांग कर 108 शिव मंत्रों का जाप करना चाहिए, उसके बाद ही पुन: अपनी यात्रा की शुरुआत करनी चाहिए। इसके अलावा वैज्ञानिक कारण यह भी है कि, इस पेड़ पर असंख्य जीव और कीट रहते हैं, इस पेड़ के नीचे से गुजरने पर हो सकता है कांवड़ियों को कोई स्किन एलर्जी हो जाए। यही कारण है कि कावड़ियों को गूलर के पेड़ नीचे से गुजरने को मना किया जाता है।

# संतान सुख की प्राप्ति के लिए साल में दो बार रखा जाता है पुत्र एकादशी का व्रत

**एकादशी का व्रत हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस व्रत को करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है, साथ ही भगवान विष्णु की कृपा सदैव अपने भक्तों और उनके परिवार पर बनी रहती है। संतान सुख की प्राप्ति के लिए साल में दो बार कौन-सी एकादशी का व्रत रखा जाता है, जानें।**

हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत श्री हरि नारायण भगवान को समर्पित है। विष्णु जी की कृपा पाने के लिए लोग एकादशी का व्रत करते हैं। भगवान विष्णु सृष्टि के पालनहार है जो त्रिदेव में से एक है।



एकादशी का व्रत एक महत्वपूर्ण व्रत है। हर माह में 2 एकादशी के व्रत पड़ते हैं। एकादशी हिंदू पंचांग के अनुसार 11वीं तिथि को कहा जाता है। पहला कृष्ण पक्ष और दूसरा शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को पड़ता है। साल में कुल 24 एकादशी के व्रत पड़ते हैं। एकादशी का व्रत करने से भक्तों के सुख-समृद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**पुत्रदा एकादशी**

साल में जो एकादशी दो बार आती है वो है पुत्रदा एकादशी। पुत्रदा एकादशी का व्रत श्रावण माह और पौष माह में रखा जाता है। यह एकादशी अपने नाम के अनुसार पुत्र की प्राप्ति या संतान की प्राप्ति के लिए इस व्रत को रखा जाता है।

श्रावण माह में पड़ने वाली पुत्रदा एकादशी भगवान विष्णु के साथ-साथ भगवान शिव को भी समर्पित होती है वहीं पौष माह में पड़ने वाली एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित होती है। इस व्रत वह निसंतान दंपत्ति रख सकते हैं जो पुत्र या संतान की प्राप्ति या कामना रखते हैं। माना जाता है इस व्रत को करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है।

सावन माह में पड़ने वाली एकादशी को पवित्रोपा एकादशी और पवित्रा एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस एकादशी का व्रत हर साल जुलाई या अगस्त के माह में पड़ता है।

साल 2025 में श्रावण माह में पुत्रदा एकादशी का व्रत 5 अगस्त, मंगलवार के दिन रखा जाएगा।

साल 2025 में पौष माह में पुत्रदा एकादशी का व्रत 30 दिसंबर, मंगलवार के दिन रखा जाएगा।

# साल 2025 में छठ पूजा कब? तिथि और महत्व

**छठ पूजा को सूर्य षष्ठी, छठ, छठी, छठ पर्व, डाला पूजा और डाला छठ के नाम से भी जाना जाता है। छठ पर्व में व्रत और नियम बहुत कठिन होते हैं। इस पर्व को महिलाएं और माताएं करती हैं। हर साल दिवाली के बाद छठ पर्व की शुरूआत होता है।**



हिंदू धर्म में छठ को महापर्व के नाम से जाना जाता है जो भगवान सूर्य को समर्पित है। छठ का पर्व 4 दिनों तक चलता है। हिंदू धर्म में हर पर्व का अपना अलग महत्व है। छठ पूजा का इंतजार लोगों को पूरे साल रहता है और विशेष रुप से यह पर्व बिहार और उत्तरप्रदेश में मनाया जाता है। लेकिन देश और विदेश में रहने वाले लोग भी छठ पर्व को मनाते हैं।

छठ पूजा को सूर्य षष्ठी, छठ,छठी, छठ पर्व, डाला पूजा और डाला छठ के नाम से भी जाना जाता है। छठ पर्व में व्रत और नियम बहुत कठिन होते हैं। इस पर्व को महिलाएं और माताएं करती हैं। हर साल दिवाली के बाद छठ पर्व की शुरूआत होता है।

**छठ पूजा 2025 तिथि**

कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को छठ का पर्व मनाया जाता है।

छठ महापर्व चार दिन का होता है। इन चार दिनों में पहला दिन नहाय खाय होता है।

छठ के दूसरे दिन को खरना कहते हैं।

छठ के तीसरे दिन संध्या अर्घ्य होता है।

छठ का अंतिम और चौथा दिन सुबह का अर्घ्य होता है।

**नहाय खाय 2025 में कब?**

इस साल छठ महापर्व की शुरुआत 25 अक्टूबर 2025, शनिवार के दिन से हो जाएगी। पहला दिन छठ पूजा में नहाय खाय कहलाता है। इस दिन छठ करने वाली महिलाएं नहा-धोकर भगवान की पूजा करती है।नहाय खाय वाले दिन घीया और चने की दाल से भोजन बनाया जाता है।

**खरना 2025 में कब?**

छठ महापर्व का दूसरे दिन को खरना कहा जाता है। इस साल खरना 26 अक्टूबर 2025, रविवार के दिन है। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं। शाम को गुड़ की खीर और रोटी भगवान को अर्पित की जाती है। इसे प्रसाद के रुप में बांटा जाता है।

**संध्या अर्घ्य 2025 में कब?**

छठ महापर्व का तीसरा दिन संध्या अर्घ्य का होता है। 27 अक्टूबर, सोमवार के दिन संध्या अर्घ्य है। छठ पूजा में इस दिन का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं सूर्यास्त के समय पानी के किनारे डूबते सूर्य को अर्घ्य देती है।

**उषा अर्घ्य 2025 कब?**

छठ महापर्व का चौथा और अंतिम दिन 28 अक्टूबर, मंगलवार को है। इस दिन को उषा अर्घ्य कहा जाता है। इस दिन महिलाएं उगते सूर्य को अर्घ्य देती है। इसके बाद व्रत का पारण किया जाता है।

## विवेक से संतुलन

एक बार एक युवा शिष्य ने अपने गुरु से पूछा, 'गुरुदेव, जीवन में सही निर्णय कैसे लें? भावनाएं अक्सर भटका देती हैं।' गुरु मुस्कुराए और उसे बांसवाड़ी की ओर ले गए। वहां उन्होंने एक सूखा बांस दिखाया और कहा, 'देखो, यह बांस अब उपयोगी नहीं है। इसे काटकर बांसुरी बनाई जाएगी। लेकिन एक बात सोचो—क्या हर बांस से बांसुरी बनती है?' शिष्य ने कहा, 'नहीं गुरुदेव, केवल वह बांस चुना जाता है जो सीधा, खोखला और संतुलित हो।' गुरु बोले, 'ठीक इसी तरह, जब तुम किसी निर्णय पर पहुंचने की स्थिति में होते हो, तो तुम्हें भीतर से खोखला, यानी पूर्वाग्रहहीन होना चाहिए। सीधा, यानी ईमानदार और संतुलित, यानी भावनाओं और तर्क के बीच संतुलन बनाए रखना चाहिए। तभी निर्णय शुद्ध स्वर देगा, ठीक जैसे बांसुरी में सटीक ध्वनि होती है।' गुरु ने कहा, 'भावनाएं महत्वपूर्ण हैं, पर यदि वे निर्णय पर हावी हो जाएं, तो वे उसे विकृत कर सकती हैं। तर्क दिशा देता है, भावना ऊर्जा और दोनों का संतुलन ही सच्चा विवेक है।

# गृहप्रवेश में दुल्हन ही क्यों मारती है चावल के कलश को ठोकर

**हिंदू धर्म में गृह प्रवेश के दौरान पैर से चावल के कलश को गिराने की परंपरा नई नहीं है, बल्कि यह प्राचीन काल से चली आ रही हैं। जो आज भी पूरी श्रद्धा एवं खुशी से निभाई जाती है।**



हिंदू धर्म में विवाह को बहुत ही महत्वपूर्ण और शुभ संस्कार माना गया है। इस दौरान शादी से पहले व शादी के बाद कुछ रीति-रिवाज व रस्में निभाई जाती हैं जो कि बहुत ही खास होती है। जिसमें एक रस्म में दुल्हन गृह प्रवेश करते समय पैर से चावल से भरा कलश गिराती हैं।

आपको बता दें, यह परंपरा वर्षो से चली आ रही है, लेकिन इसके पीछे का कारण इसका एक परंपरा ही नहीं, मनोवैज्ञानिक तर्क भी छिपा है। आइए जानते हैं नई दुल्हन क्यों गिराती हैं पैर से चावल का कलश जानिए क्या है धार्मिक मान्यता।

**नई दुल्हन क्यों गिराती हैं पैर से चावल का कलश**

**पैर से कलश गिराने की क्यों है परंपरा**

हिंदू धर्म में गृह प्रवेश के दौरान पैर से चावल के कलश को गिराने की परंपरा नई नहीं है, बल्कि यह प्राचीन काल से चली आ रही हैं। जो आज भी पूरी श्रद्धा एवं खुशी से निभाई जाती है।

हिन्दू धर्म में अन्न को पैर लगाना अशुभ माना जाता है, लेकिन गृह प्रवेश के दौरान नई बहुत से यह रस्म पूरे विधि-विधान से करवाई जाती है। इस दौरान घर के मुख्य द्वार पर एक कलश में चावल भरकर रखे जाते हैं और फिर नई बहुत अपने सीधे पैर से चावल से भरे कलश में ठोकर मारती है।

**क्या है कलश और चावल का महत्व**

आपको बता दें, कलश को ब्रह्मांड का प्रतीक और अक्षत यानि चावल को धन की प्रतीक माना गया है। जब दुल्हल गृह प्रवेश के दौरान अपने पैर से चावल से भरे कलश को गिराती है तो इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित होती है।

**मां लक्ष्मी का आगमन**

हिंदू धर्म में बहु को गृह लक्ष्मी कहा गया है और दुल्हन जब घर में प्रवेश करती है तो उसे देवी लक्ष्मी के रूप में ही देखा जाता हैं। जो कि कलश को पैर से गिराकर घर में सुख-समृद्धि, खुशहाली और अन्न-धन लेकर आती है।

**क्या कहता है मनोविज्ञान**

हिंदू धर्म में निभाई जाने वाली इस परंपरा के पीछे मनोवैज्ञानिक पहलू भी छिपा हुआ है। दुल्हन को घर में प्रवेश कराते समय जब कलश गिराने की परंपरा निभाई जाती है तो इसका मतलब दुल्हन को सहज महसूस कराना है। साथ ही इसके जरिए यह भी बताया जाता है कि अब वो इस घर की सदस्य व सम्मान की अधिकारी है।

## तुलसी के पौधे का धार्मिक महत्व

तुलसी के पौधे का धार्मिक महत्व बहुत ज्यादा होता है। भगवान की पूजा बिना तुलसी दल के पूरी नहीं मानी जाती है।



भगवान की पूजा और भोग में तुलसी का पत्ता जरूर शामिल किया जाता है।

भगवान विष्णु, भगवान कृष्ण और रामभक्त की पूजा बिना तुलसी दल के पूरी नहीं मानी जाती है। तुलसी के पौधे में मां लक्ष्मी का वास होता है। प्रतिदिन तुलसी की पूजा जहां पर होती है वहां पर हमेशा सुख और समृद्धि बनी रहती है साथ ही आर्थिक परेशानियां और सभी तरह की नकारात्मक ऊर्जा दूर भाग जाती हैं। हिंदू धर्म में व्यक्ति के मृत्यु होने पर पार्थिव शरीर के मुंह में गंगाजल के साथ तुलसी के पत्ते रखे जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि इससे दिवंगत आत्मा को शांति मिलती है और स्वर्गलोक में भगवान विष्णु के चरणों में स्थान मिलता प्राप्त होता है।

# पूजा की थाली में इन वस्तुओं का रहना है बेहद जरूरी, वरना अधूरी रह जाएगी आपकी पूजा

**पूजा की थाली में कुछ आवश्यक वस्तुएं न हों, तो पूजा अधूरी मानी जाती है और उसका पूर्ण फल नहीं मिलता है। आइए जानते हैं शुभ चीजें जो रक्षा बंधन की पूजा थाली मेंअवश्य होनी चाहिए।**

रक्षाबंधन का पावन त्योहार अब कुछ ही दिनों में आने वाला है। यह त्योहार हर साल सावन महीने में बहुत ही उमंग एवं उत्साह से मनाया जाता है। रक्षाबंधन भाई-बहन का एक पवित्र का त्यौहार है। जिसका भाई बहन को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस दिन बहन अपने भाई की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और रक्षा की कामना करते हुए उसकी कलाई पर राखी बांधती है।



लेकिन, हिन्दू मतों के अनुसार, राखी बांधने से पहले की जाने वाली पूजा का विशेष महत्व होता है। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, यदि पूजा की थाली में कुछ आवश्यक वस्तुएं न हों, तो पूजा अधूरी मानी जाती है और उसका पूर्ण फल नहीं मिलता है। ऐसे में आइए जानते हैं वो शुभ चीजें जो रक्षा बंधन की पूजा थाली में अवश्य होनी चाहिए- पूजा की थाली में जरूर रखें ये 7 शुभ चीजें

**राखी**

रक्षा बंधन की पूजा थाली में सबसे पहली और आवश्यक वस्तु होती है राखी। यह केवल धागा नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक बंधन है जो भाई की रक्षा, सुख और सफलता के लिए बहन की प्रार्थना का प्रतीक होता है। ऐसे में राखी को पूजा से पूर्व भगवान को अर्पित कर, फिर भाई को बांधना अत्यंत शुभ माना गया है।

**कलावा और नारियल**

पूजा थाली में कलावा और नारियल रखना भी आवश्यक माना गया है। कलावा को पवित्रता और रक्षा का प्रतीक माना जाता है, वहीं नारियल शुभता, समृद्धि और सुख का प्रतीक है। नारियल को भगवान को अर्पित करने के बाद भाई को देना बेहद शुभफलदायी माना गया है।

**दीया**

पूजा थाली में दीया रखना न भूलें। दीपक को सनातन धर्म में प्रकाश, ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक माना गया है। पूजा की थाली में घी का दीपक अवश्य होना चाहिए। जब बहन भाई की आरती करती है, तो दीपक की लौ बुरी नजर और नकारात्मक शक्तियों से उसकी रक्षा करती है।

**चावल और कुमकुम**

रक्षाबंधन की थाली में चावल और कुमकुम रखना न भूलें। हिंदू पूजन में अक्षत और कुमकुम का विशेष महत्व है। भाई की आरती करते समय, बहन उसके माथे पर तिलक करती है, जो उसके सौभाग्य और दीर्घायु का प्रतीक होता है। तिलक के लिए चावल और कुमकुम को एक साथ मिलाकर उपयोग किया जाता है। यह पूजा को पूर्णता प्रदान करता है।

**मिठाई**

रक्षाबंधन की थाली में मिठाई भी बेहद जरूरी है। पवित्र कार्य में मीठा अति आवश्यक होता है। रक्षा बंधन की थाली में मिठाई रखने से प्रेम और मिठास का प्रतीक जुड़ता है। राखी बांधने के बाद बहन भाई को मिठाई खिलाकर रिश्ते की मधुरता को और मजबूत बनाती है।

# रक्षाबंधन के दिन जरूर करें ये 5 काम

'रक्षाबंधन' पर भद्रा का साया नहीं है, जिसके कारण पूरे दिन राखी बांधने का शुभ मुहूर्त रहेगा। ऐसे में सभी बहनें चाहती होंगी कि उनके भाई स्वस्थ, दीर्घायु और सफल जीवन जिएं।

**रक्षाबंधन पर बहनें करें ये खास उपाय**

**केसर का तिलक लगाएं**- रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाई का तिलक केसर से करें। कहा जाता है कि जब बहनें राखी बांधने से पहले भाई के मस्तक पर केसर का तिलक लगाती हैं, तो यह शुभ और सौभाग्यवर्धक माना जाता है। यह उपाय गुरु ग्रह को बल देता है, जिससे भाई के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, ज्ञान और समृद्धि बनी रहती है।

**भाई को नारियल उपहार में दें**- रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाई को नारियल उपहार के रूप में दें। नारियल को श्रीफल कहा जाता है, जो देवी लक्ष्मी का प्रतीक होता है। रक्षाबंधन पर जब बहनें अपने भाई को नारियल देती हैं, तो इससे भाई के जीवन में सुख-समृद्धि और धन की वृद्धि होती है।

**रुमाल या वस्त्र दें उपहार में**- कहा जाता है कि, यदि आप बड़े उपहार देने में असमर्थ हैं, तो भाई को रुमाल उपहार के रूप में दे सकते है। यह छोटा-सा उपहार शुक्र ग्रह को बल देता है, जिससे भाई को धन और भौतिक सुख मिलने लगते हैं।

**राखी बांधते समय मंत्र का उच्चारण**- राखी बांधते वक्त यदि बहनें रक्षा मंत्र का जाप करें, तो भाई को रक्षा और सफलता प्राप्त होती है।

**तुलसी के पत्ते मिला हुआ जल पिलाएं**- तुलसी को हिंदू धर्म में बेहद पवित्र माना गया है। रक्षा बंधन पर आप अपने भाई को तुलसी के पत्ते मिला हुआ जल पिलाएं। यह जल उनके लिए पॉजिटिव ऊर्जा का काम करेगा।



## सैयारा की अनीत पड्डा को अब न्याय की तलाश? फातिमा सना शेख भी होंगी



अनीत पड्डा इन दिनों छाई हुई हैं। अपनी फिल्म सैयारा के साथ वो नेशनल क्रश बन चुकी हैं। अब उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर जोरशोर से चर्चा हो रही है। वो अब ओटीटी पर नजर आ सकती हैं। उनकी वेब सीरीज का नाम न्याय है, जिसकी शूटिंग वो पिछले साल कर चुकी थीं। मोहित सूरी की हालिया रिलीज सैयारा से अनीत पड्डा रातोंरात फेमस हो चुकी हैं। अब उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर नई खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि वो एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कोर्टरूम ड्रामा वेब सीरीज में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग वो सैयारा से पहले ही कर चुकी थीं। रिपोर्ट के अनुसार, अनीत पड्डा का यशराज फिल्म्स के साथ तीन फिल्मों को लेकर स्पेशल कॉन्ट्रैक्ट है। इसके बावजूद वो YRF से अलग एक प्रोजेक्ट न्याय में दिखेंगी, जिसकी शूटिंग वो पहले ही कर चुकी हैं।

फातिमा सना शेख के साथ अनीत पड्डा

सच्ची घटनाओं पर आधारित न्याय में अनीत पड्डा के साथ फातिमा सना शेख और अर्जुन माथुर भी हैं। पिछले साल इसकी शूटिंग हो गई थी। अब ये जल्द ही जाने-माने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाला है।

न्याय में ये होगा अनीत पड्डा का किरदार

अहान पांडे की सैयारा में अनीत ने वाणी बत्रा का किरदार निभाया, जो बहुत सौम्य लड़की है। दूसरी तरफ वो न्याय में 17 साल की लड़की का रोल निभा रही हैं, जो आध्यात्मिक गुरु द्वारा यौन उत्पीड़न का शिकार होने के बाद न्याय की तलाश में है।

अनीत पड्डा की वेब सीरीज

समीर नायर के अप्लॉज एंटरटेनमेंट और मंगता फिल्म्स द्वारा निर्मित न्याय का निर्देशन बार-बार देखो और मेड इन हेवन से फेमस हुईं नित्या मेहरा और उनके पति करण कपाड़िया ने किया है, जोकि फिल्ममेकर हैं। पिछले साल अमेजन प्राइम वीडियो पर आई सीरीज बिग गर्ल्स डोंट क्राई के बाद अनीत के साथ ये उनका दूसरा सहयोग है। इस शो में अर्जुन माथुर, मोहम्मद जीशान अय्यूब, रघुबीर यादव और राजेश शर्मा भी हैं।



# ओटीटी पर मेकर्स रिस्क लेने को तैयार, कंटेंट पर भी हुआ काफी काम

डायना पेंटी की फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हुई है। इस फिल्म में उनके साथ दिलजीत दोसांझ, बोमन ईरानी, चंकी पांडे, रत्ना पाठक शाह, सुमित व्यास और बनिता संधु भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। हाल ही में डायना ने फिल्म की शूटिंग से जुड़े अनुभवों को लेकर खास बातचीत की।

### यह फिल्म साइन करने के पीछे सबसे बड़ी वजह क्या थी?

इस फिल्म को साइन करने के पीछे कई कारण थे जैसे इसकी स्क्रिप्ट, मेरा करैक्टर डिटेक्टिव नताशा का काफी दमदार होने, जो एक स्पष्ट बोलने वाली और स्मार्ट इंसान है। इसके अलावा एक और बड़ी वजह है कि इस फिल्म के प्रोड्यूसर्स अली और हिमांशु हैं जिन्हें मैं पहले से जानती हूं और डायरेक्टर रवि जिन्हें हमेशा से पता होता है कि उन्हें क्या चाहिए। वहीं इस फिल्म की बाकी पूरी कास्ट जैसे बोमन ईरानी सर, बनिता संधु, रत्ना पाठक शाह मैम और बाकी सब भी काफी अनुभवी और एक-दूसरे के लिए सहयोगी है। इस फिल्म में काम करने में सच में काफी मजा आया। इसके साथ सभी से कुछ न कुछ सीखने को भी मिला है।

### आपके अपकमिंग प्रोजेक्ट्स क्या हैं?

मेरी पहली ओटीटी वेब सीरीज पर काम चल रहा है, जो इस साल के अंत तक दर्शकों तक पहुंच जाएगी। वहीं अमिताभ बच्चन सर के साथ भी मेरी एक फिल्म सेक्शन 84 आने वाली है, जिसकी रिलीज डेट का खुलासा जल्द ही किया जाएगा।

### शूटिंग के दौरान सेट पर बिताया गया वक्त कैसा था?

मुझे फिल्म की शूटिंग के दौरान बहुत मजा आया। इसके अलावा शूटिंग की लोकेशंस (बुडापेस्ट) में भी मौसम काफी खुशनुमा था। जिसकी वजह से शूटिंग करने का आनंद दोगुना हो गया। हम सभी काफी बार शूट पूरा होने के बाद बुडापेस्ट के कई सारे नए होटलों में साथ खाना खाने जाते थे।

### क्या आजकल फीमेल सेंट्रिक फिल्में और ओटीटी कंटेंट तेजी से बढ़ रहे हैं?

बिलकुल, यह ट्रेंड आगे भी जरूर बरकरार रहेगा और रहना चाहिए। इससे देश की कई टैलेंटेड फीमेल एक्टर्स को लीड रोल निभाने का मौका मिलेगा। हॉलीवुड में भी यही ट्रेंड है, तो हमारे यहां भी ऐसा होना जरूरी है। वहीं दूसरी ओर ओटीटी ने नए एक्टर्स, राइटर्स और डायरेक्टर्स के लिए बेहतरीन अवसर खोले हैं। यहां डायरेक्टर्स ज्यादा रिस्क लेने को तैयार होते हैं, जो थिएटर की फिल्मों में हमेशा संभव नहीं होता। ओटीटी पर फिल्ममेकर नए प्रयोग कर सकते हैं जो प्लेटफॉर्म को और भी रचनात्मक बनाता है। इसके अलावा ओटीटी के आने के बाद कंटेंट पर भी काफी काम शुरू हो गया है।



## उर्मिला के किरदार में आएंगी नजर सुरभि दास

हाल ही में फिल्म 'रामायण' का फर्स्ट लुक जारी किया गया। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में नजर आए और साउथ एक्टर यश रावण के किरदार में दिखे। फिल्म में सीता माता की भूमिका में साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी है। वहीं एक असमिया और टीवी एक्ट्रेस भी इस फिल्म का हिस्सा बनने वाली हैं।

असमिया एक्ट्रेस सुरभि दास फिल्म 'रामायण' में उर्मिला की भूमिका में दिखेंगी। उर्मिला माता सीता की बहन हैं। उर्मिला, प्रभु राम के भाई लक्ष्मण की पत्नी भी हैं। फिल्म में उर्मिला का त्याग भी दिखाया जाएगा। लक्ष्मण का रोल फिल्म 'रामायण' में टीवी एक्टर रवि दुबे कर रहे हैं। इस तरह से सुरभि दास और रवि दुबे साथ अभिनय करते हुए नजर आएंगे। सुरभि एक असमिया एक्ट्रेस हैं। साथ ही वह एक हिंदी टीवी सीरियल 'नीमा डेन्जोंगपा' में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा वह दादा तुमी दुस्तो बोर नाम की बंगाली फिल्म भी कर चुकी हैं। अब नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म 'रामायण' में नजर आएंगी।

## आयुष्मान खुराना की 'थामा' का हिस्सा बने वरुण

फिल्म 'थामा' में आयुष्मान खुराना एक वैंपायर के रोल में नजर आएंगे। फिल्म में हीरोइन के रोल में रश्मिका मंदाना हैं। अब वरुण धवन भी इस फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। यह फिल्म मैडॉक प्रोडक्शन की है। इससे पहले वह 'स्त्री 2' और 'भेड़िया' जैसी हॉरर-कॉमेडी फिल्में बना चुके हैं। 'स्त्री 2' में भेड़िए के किरदार में वरुण धवन ने कैमियो किया। इसी तरह वह फिल्म 'थामा' में नजर आएंगे। रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'थामा' में वरुण धवन नजर आएंगे। वह आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की इस फिल्म की शूटिंग लगभग 6 दिन कर चुके हैं। इस फिल्म में वह अपने भेड़िए वाले रोल में नजर आएंगे। जबकि फिल्म 'थामा' में आयुष्मान खुराना वैंपायर के रोल में दिखेंगे।

### वीएफएक्स के जरिए वैंपायर-भेड़िए की टक्कर

फिल्म 'थामा' में वरुण धवन की एंट्री से दर्शकों को वैंपायर और भेड़िए की टक्कर देखने को मिलेगी। इस फिल्म में दर्शकों के सिनेमैटिक एक्सपीरियंस को बढ़ाने के लिए प्रोड्यूसर दिनेश विजन और डायरेक्टर आदित्य सरपोतदार बड़े स्तर पर तैयारी कर चुके हैं। फिल्म में एक्शन सीक्वेंस वीएफएक्स के जरिए बड़े स्केल पर दिखाए जाएंगे। फिल्म के एक्शन सीन्स की शूटिंग मार्च या अप्रैल में हो चुकी है। फिल्म 'थामा' के अलावा मैडॉक हॉरर कॉमेडी सिनेमैटिक यूनिवर्स की और फिल्में भी रिलीज होंगी।



## सात समंदर पार से आईं एली अवराम, जिन्होंने हिम्मत के बूते सपने किए साकार

एली अवराम हिंदी सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिनकी खूबसूरती, नृत्य कौशल, और दिलकश अदायगी ने दर्शकों का दिल जीता। फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' और टीवी शो 'बिग बॉस' ने अभिनेत्री को फेम दिलाया। कुछ फिल्मों में काम भी किया जो भले ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल नहीं मचा पाईं लेकिन दर्शकों के दिल में घर कर गईं। 29 जुलाई 1990 को स्वीडन के स्टॉकहोम में जन्मीं एली अवराम को बचपन से ही डांस और एक्टिंग में रुचि थी। उन्हें स्वीडिश-ग्रीक अभिनेत्री भी कहा जाता है। एली ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब वह 14 साल की थीं तो शाहरुख खान की देवदास देखी। इस फिल्म ने उन्हें बॉलीवुड में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने टूरिस्ट वीजा के लिए अप्लाई किया, मुंबई आईं, और हिंदी न जानते हुए भी अपने सपने को हकीकत में बदला। हिंदी सीखने के लिए कड़ी मेहनत भी की। 10 साल से ज्यादा का सफर हिंदी सिनेमा में तय करने के बाद, आज अभिनेत्री बहुत अच्छी हिंदी बोलती है।

एली जब बॉलीवुड में आईं तो उनकी तुलना मशहूर अभिनेत्री कैटरीना कैफ से भी की गई।। अभिनेत्री ने एक्टर मनीष पॉल के साथ फिल्म मिकी वायरस से बॉलीवुड में डेब्यू किया। उनकी मासूमियत और अभिनय ने दर्शकों का ध्यान खींचा, हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत रही। साल 2013 में बिग बॉस 7 में हिस्सा लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं। उनकी सादगी और सलमान खान के साथ दोस्ताना बॉन्ड ने उन्हें चर्चा में ला दिया। कुछ समय तक उनके और सलमान के बीच लिंकअप की अफवाहें भी उड़ीं, जिन्हें एली ने हंसकर टाल दिया। शो के दौरान कई बार सलमान उनके साथ मजाकिए अंदाज में भी दिखे, जो दर्शकों के साथ ही साथ शो की टीआरपी के लिए भी काफी सफल माना गया। एली अभिनेत्री होने के अलावा एक प्रशिक्षित बेली डांसर हैं, और ये सिलसिला वर्षों से जारी है। 17 साल की उम्र में वे स्टॉकहोम में परदेसी डांस ग्रुप की सदस्य बनीं, जहां वे बॉलीवुड गानों पर परफॉर्म करती थीं। उन्होंने किस किसको प्यार करूं और पोस्टर बॉयज जैसे गानों में अपने डांस का जादू दिखाया। अभिनेत्री और यूट्यूबर आशीष चंचलानी की तस्वीरों ने हाल ही में डेटिंग की अफवाहें उड़ाईं। लेकिन, बाद में खुलासा हुआ कि यह उनके म्यूजिक वीडियो के लिए बस प्रमोशन का हिस्सा था।एली अवराम की मेहनत, प्रतिभा, और बॉलीवुड के प्रति उनका जुनून उन्हें एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व बनाता है।





# दमदार, खूबसूरत और बोल्ड, नॉन फिल्मी बैकग्राउंड से आई हुमा

महारानी की रानी भारती का जिक्र करते ही फिल्म इंडस्ट्री की दमदार, शानदार, खूबसूरत और बोल्ड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी का चेहरा सामने आ जाता है। 28 जुलाई को जन्मीं नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से आने वाली एक्ट्रेस ने अपने टैलेंट और मेहनत के दम पर न केवल बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी खास छाप छोड़ी। अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर से डेब्यू करने वाली हुमा ने अपनी पहली फिल्म से ही दर्शकों और समीक्षकों का दिल जीत लिया। एक्टिंग शैली और बेबाक अंदाज ने उन्हें इंडस्ट्री की महारानी बना दिया। नई दिल्ली में 28 जुलाई 1986 को एक मुस्लिम परिवार में जन्मीं हुमा के पिता सलीम कुरैशी दिल्ली में मशहूर रेस्तरां के मालिक हैं, जबकि उनकी मां अमीना कुरैशी हाउस वाइफ हैं। हुमा ने दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास में ग्रेजुएशन किया। कॉलेज के दौरान वह एक्ट 1 थिएटर ग्रुप से जुड़ीं और एनके शर्मा जैसे थिएटर निर्देशकों के साथ काम किया। साल 2008 में वह मुंबई आईं और विज्ञापन में काम करने लगीं। करियर के शुरुआती दिनों में हुमा, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ भी विज्ञापन में काम कर चुकी हैं। उनकी अदाकारी ने अनुराग कश्यप का ध्यान खींचा, जिन्होंने उन्हें साल 2012 में आई गैंग्स ऑफ वासेपुर में मोहसिना खान के किरदार के लिए चुना। इस फिल्म ने उन्हें बेस्ट फीमेल डेब्यू और बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के लिए फिल्मफेयर नॉमिनेशन दिलाया।

गैंग्स ऑफ वासेपुर की सफलता के बाद हुमा के फिल्मी करियर ने उड़ान भरी और उन्होंने कुणाल कपूर के साथ लव शव ते चिकन खुराना में पंजाबी लड़की हरमन के रूप में दर्शकों को लुभाया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल दिखाने में असफल रही। हालांकि, उनकी एक्टिंग को पसंद किया गया। इसके बाद हुमा एक थी डायन, डेढ़ इश्किया, बदलापुर और जॉली एलएलबी 2 में दमदार अंदाज में नजर आईं, उन्होंने अपने किरदारों से मल्टी टैलेंट को साबित किया। हुमा बॉलीवुड तक सीमित नहीं हैं। वह मराठी फिल्म हाइवे, तमिल फिल्म काला और हॉलीवुड फिल्म में भी काम कर चुकी हैं। महारानी और लीला जैसी वेब सीरीज में उनके अभिनय को खूब सराहना मिली। साल 2023 में तरला में मशहूर शेफ तरला दलाल की भूमिका निभाकर उन्होंने दर्शकों का दिल जीता। उनकी अपकमिंग फिल्मों में जॉली एलएलबी 3, बयान और पूजा मेरी जान शामिल हैं। हुमा की निजी जिंदगी अक्सर चर्चा में रही है। उनका नाम कई सितारों के साथ जुड़ा। एक इंटरव्यू में हुमा ने कहा कि उन्होंने मुस्लिम होने के बावजूद भारत में कभी अलग-थलग महसूस नहीं किया। वह अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करती हैं। हुमा लेखनी में भी रूचि रखती हैं। उन्होंने साल 2023 में अपनी पहली किताब जेबा- एन एक्सीडेंटल सुपरहीरो लॉन्च की, जिसे कई लिटरेचर फेस्टिवल में सराहना मिली। हुमा को तीन फिल्मफेयर नॉमिनेशन और एक फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड मिल चुका है। उनकी फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर का प्रीमियर कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। हुमा सोशल वर्क में भी सक्रिय हैं और कई एनजीओ के साथ काम करती हैं।



# हरौला में शिव पुराण दिव्य कथा का आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** हरौला गांव के शर्मा परिवार द्वारा श्री शिव पुराण दिव्य कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। आठ दिवसीय आयोजन से पूर्व आज हरौला गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शर्मा परिवार सहित हरौला के ग्रामीण व अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। हरौला गांव निवासी पंडित लोकेश शर्मा एवं पंडित ज्ञानेंद्र शर्मा द्वारा अपने स्वर्गीय भाई मदन लाल शर्मा, सतीश चंद्र शर्मा व नरेंद्र दत्त शर्मा की याद में श्री शिव पुराण दिव्य कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। शिव पुराण कथा के शुभारंभ से पूर्व आज शर्मा परिवार द्वारा हरौला गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं व श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।



समाजसेवी पंडित लोकेश शर्मा व पंडित ज्ञानेंद्र शर्मा ने बताया कि उनके हरौला गांव स्थित निवास पर श्री शिव पुराण दिव्य कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव 1 अगस्त से शुरू होकर 8 अगस्त तक चलेगा। व्यास पीठ पर विराजमान पंडित विष्णु वल्लभानंद महाराज द्वारा श्री शिव पुराण कथा का वाचन किया जाएगा। उनके हरौला गांव स्थित निवास पर प्रतिदिन 3 बजे से 6 बजे तक कथा का आयोजन होगा। 8 अगस्त को पूर्णमासी व्रत कथा उद्यापन एवं हवन में संपूर्ण आहुति के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

कलश यात्रा में पंडित संजीव शर्मा, संदीप शर्मा, दीपक शर्मा, अजय शर्मा, विजय शर्मा, आशुतोष शर्मा, बनारसी दास शर्मा, लालचंद शर्मा, रामनारायण शर्मा, हरिदत्त शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, मुकेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, यतेंद्र शर्मा, प्रमोद शर्मा, उमाशंकर शर्मा, गिरीश शर्मा, सचिन शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाए एवं अन्य लोग शामिल हुए।

# एमिटी में कैरियर चुनने के लिए छात्रों का किया मार्गदर्शन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** छात्रों को कैरियर चुनने में सहायता करने और एमिटी विश्वविद्यालय में संचालित पाठयक्रमों एवं प्रवेश प्रकिया की जानकारी प्रदान करने के लिए कैरियर योजना सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा अशोक कुमार चौहान, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, एमिटी ग्रुप वाइस चांसलर डा गुरिंदर सिंह, एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती और एडमिशन निदेशक मेजर जनरल भास्कर च्रकवर्ती ने प्रवेश अभ्यर्थीयों एवं उनके अभिभावकों का मार्गदर्शन किया।






एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. अशोक कुमार चौहान ने कहा कि मौजूदा समय छात्रों के जीवन में बदलाव का सबसे महत्वपूर्ण वक्त है जब छात्र अपने अभिभावकों के साथ मिलकर जीवन कैरियर को चुनने का निर्णय लेते है। डा चौहान ने कहा कि सदैव उस पाठयक्रम और संस्थान को चुने जो जीवन में आपके रूचि के अनुरूपं कैरियर निर्माण में सहायक हो। हमारा उददेश्य युवा शक्ति के माध्यम से 2047 तक भारत को विकसित बनाना है। उन्होनें छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि जीवन में सदैव लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पूर्ण करने के लिए प्रयासरत रहे।

एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने कहा कि सही समय पर सही निर्णय लेना जीवन विकास के लिए आवश्यक है, हम अपने हर एक छात्र पर विशेष ध्यान केन्द्रीत करते हुए कैरियर विकास में सहायक बनते है। हमारा उददेश्य हर छात्र को सफलता की कहानी बनाना है इसलिए छात्रों के सपनों को पूर्ण करने के लिए उनका मार्गदर्शन करते है।

एमिटी विश्वविद्यालय के एडमिशन निदेशक मेजर जनरल भास्कर चक्रवर्ती ने जानकारी देते हुए बताया कि एमिटी अवसरों का सागर है और आज विकसित हो रहे भारत में आपकी भूमिका को महत्वपूर्ण बनाते हुए एमिटी आपको विकास के अवसर प्रदान कर रहा है। प्रवेश से पूर्व संस्थान के विविध कार्यक्रमों, वैश्विक अनावरण, शिक्षको, अनुसंधान क्षेत्रों, छात्रवृत्ती, छात्रों के लिए सुविधाओं आदि को जानें।

इस अवसर पर अभिभावकों और छात्रों ने कोर्स से संबधित कई प्रश्न किये जिनके उन्हे जवाब प्रदान किये गये।

# टेंट कारोबारियों को मिले सरल लोन : विनोद शर्मा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा टेंट डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन व उत्तर प्रदेश व्यापारी टेंट एसोसिएशन के पदाधिकार्यों ने संयुक्त रूप से आठ सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। ज्ञापन में जीएसटी दर में संशोधन, कैटरिंग सेवा का समय निर्धारण तथा टेंट कारोबारियों को सरल लोन उपलब्ध कराने सहित कई मांगे की गईं।




संगठन के महामंत्री पंडित विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि टेंट व्यवसाय वर्षों से सामाजिक, धार्मिक व पारिवारिक आयोजनों में अपनी सेवाएं दे रहा है। वर्तमान में यह क्षेत्र अनेक आर्थिक तकनीकी एवं संरचनात्मक चुनौतियों से जूझ रहा है। इस कारण इस व्यवसाय से जुड़े प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाखों व्यवसाईयों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी कार्यालय में सौंप गए ज्ञापन में जीएसटी दरों में संशोधन, कैटरिंग सेवा का समय निर्धारण, टेंट व्यवसाईयों को माइक्रो इंडस्ट्रीज के अंतर्गत मान्यता देकर इस व्यवसाय को सूक्ष्म उद्योग का दर्जा दिए जाने की मांग की गई। इसके अलावा टेंट व्यवसाईयों के लिए विशेष टेंट व्यवसाय ऋण योजना शुरू करने, टेंट व्यवसाय के सामान के लिए बीमा व्यवस्था, प्राकृतिक आपदा राहत, स्थानीय टेंडरों में प्राथमिकता दिए जाने तथा व्यवसाईयों के लिए स्थाई गोदाम जोन बनाने की मांग भी उठाई गई है। श्री शर्मा ने बताया कि इस संबंध में व्यवसाईयों ने गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ महेश शर्मा व नोएडा विधानसभा के विधायक पंकज सिंह से भी मुलाकात कर अपनी मांगों को उनके समक्ष रखा है।

इस मौके पर नोएडा टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश नागर, महामंत्री विनोद भारद्वाज, मुकेश सिंघल, घनश्याम दास गर्ग, मुनि लाल, मृत्युंजय कुमार, मुकेश अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्रमिक कुंज व आछेपुर में पेंशन योजनाओं को लेकर कैम्प

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित पेंशन व अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने एवं लाभार्थियों के सम्मुख आ रही समस्याओं के निस्तारण के लिए जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं डीएम मेधा रूपम के निर्देशों पर जनपद में कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना के लाभार्थियों की समस्याओं के समाधान एवं अन्य विभागों जैसे उद्योग केंद्र, पूर्ति विभाग, पिछड़ा वर्ग विभाग, बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, कौशल विकास विभाग व अन्य विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी एवं लाभार्थियों की समस्याओं का समाधान आयोजित कैंप में किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि आज श्रमिक कुंज सेक्टर-122 नोएडा व ग्राम आछेपुर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विभिन्न विभागों द्वारा कैंप लगाकर अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी एवं लाभार्थियों के सम्मुख योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने जन सामान्य से कहा कि आयोजित होने वाले कैंप में पहुंचकर कैंप का भरपूर लाभ उठाएं।



**अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा ने पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र से उनके नोएडा स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई। इस मौके पर पंडित पीतांबर शर्मा के साथ रामकुमार शर्मा, पूर्व एमएलसी सतीश शर्मा, डॉ वंदना वशिष्ठ, अशोक शर्मा, रिटायर्ड मेजर जनरल अतुल कौशिक व डॉक्टर बिंदु चतुर्वेदी मौजूद थे।**

# बुलिंग को लेकर काउंसलिंग सत्र




**नोएडा ( चेतना मंच )।** सरला चोपड़ा डीएवी पब्लिक स्कूल, नौएडा में 'बुलिंग के विरोध में एक साथ' विषय पर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र मनोविज्ञान शिक्षिका श्रीमति सविता यादव द्वारा कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के साथ आरम्भ किया गया। सत्र में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बुलिंग और उससे होने वाले दुष्प्रभावों को जाना। कुछ छात्रों ने अपने अनुभव भी सांझा किए तथा अपने साथी छात्रों से माफी भी माँगी।

सत्र के द्वारा विद्यार्थियों को मानवीय भावों के प्रति संवेदनशील तथा स्कूल परिसर को बुलिंग मुक्त करने का प्रयास किया गया।



**निर्दोष भारतीयों के नरसंहार का प्रतिशोध लेने वाले वीर क्रांतिकारी सरदार उधम सिंह के बलिदान दिवस पर दलित उत्थान सेवा समिति द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर समिति के संरक्षक गणेश जाटव, अध्यक्ष प्रीतम सिंह, महामंत्री सत्यपाल जाटव, उपाध्यक्ष जगत सिंह, राजकुमार, मोनू, रोहित चौधरी, विवेक कुमार एवं वीरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।**